# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार, 18 अप्रैल 2026




17- APR- COR- MAIN- Pg- 1 FULL_page1.qxd 4/17/2026 9:12 PM Page 1


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार, 18 अप्रैल 2026



A new spectrum of future-ready programs

**Now in Central India, at Rungta University.**

For the first time in Central India, Rungta University brings together future-ready programs in Law, AI, Media, Forensic Sciences, Public Health, Engineering, Management, and more, all in one place.




- B.A. with Integrated UPSC coaching
- Ten-Month IAS Programme




- B.Sc. (Forensic Science)
- M.Sc. (Forensic Science)
- Diploma(Forensic Science)




- BA / B.Voc. (Film Making)
- D.Voc. (Film Making)




- B.A. LL.B (Hons.)
- B.Com. LL.B (Hons.)
- LL.M. (Corporate & Commercial Law / AI, Cyber & Technology Law)

**JOINT DEGREES & CERTIFICATIONS WITH GLOBAL LEADERS**

RIU offers Joint Degree programmes in collaboration with




Google · IBM · Apple · Microsoft · coursera · NVIDIA · UNIVERSITY OF LONDON · Duke UNIVERSITY · Tally · EC-COUNCIL · ACCA · Harvard Business School · UNIVERSITY OF CAMBRIDGE · UNIVERSITY OF MINNESOTA · Meta · UNIVERSITY OF MICHIGAN · tableau · ie BUSINESS SCHOOL

**Accreditations & Recognitions**

- NAAC A++ — Accredited "A" Grade
- NBA — Accredited Since 2007
- nirf INNOVATION — Ranked in Innovation
- CAREERS360 — Rated "AAAA" for Engineering

Deepak Advertisers

**School of Computer Science and Engineering**
- **B.Tech.** (Computer Science & Engineering)
- **B.Tech.** CSE (AI / AIML / Data Science / Cyber Security)
- **M.Tech.** (Computer Science & Engineering)
- **Diploma** (Computer Science & Engineering)

**School of IT**
- **BCA** (AIML / Data Science / Full Stack)
- **MCA** (AIML / Data Science / Full Stack)
- **BCA & MCA** Integrated (AIML / Data Science / Full Stack)
- **PGDCA**
- **DCA**

**School of Pharmacy**
- **B.Pharmacy**
- **D.Pharmacy**
- **M.Pharmacy** (Pharmaceutics / Pharmacology / Pharmaceutical Chemistry)
- **B.Pharmacy** (Practice)

**School of Management & Commerce**
- **BBA**
- **BBA** (Global / Business Analytics / Digital Branding & Advertising / AI & Emerging Technologies)
- **MBA / MBA** (Global)
- **B.Com. / B.Com** with ACCA in Association with GT

**School of Engineering and Technology**
- **B.Tech.** (Civil / Electrical / Electronics & Telecommunication / Mechanical / Mining)
- **M.Tech.** (Structural)
- **Diploma** (Electrical / Mechanical)

**School of Life Sciences**
- **B.Sc.** (Biotechnology with Zoology / Botany)
- **M.Sc.** (Biotechnology)
- **Master** in Public Health

**School of Sustainable Development**
- **BBA** - Sustainable Development, ESG & CSR
- **B.Voc** - Sustainable Development, ESG & CSR
- **MBA** - Sustainable Development, ESG & CSR
- **Executive MBA** - Sustainable Development, ESG & CSR

**Doctoral & Research Programmes**
- **PhD** (Engineering / Applied Sciences / Pharmacy / Computer Science / Humanities, etc.)

**ADMISSIONS OPEN**

Rungta Educational Campus, Kohka-Kurud Road, Bhilai - Chhattisgarh

Phone: +91 901 611 33 33 | Email: info@rungta.ac.in.

University Registration - Regn. No. U-1405 | Recognised under the Chhattisgarh Private Universities Act, 2025

www.rungta.ac.in

RUNGTA INTERNATIONAL SKILLS UNIVERSITY Approved by UGC U/s 2(F)

27 YEARS OF DEVELOPING BRIGHT FUTURES

17- APR- COR- MAIN- Pg- 2 RANBHOOMI_Layout 1 4/17/2026 10:03 PM Page 1



# बंगाल चुनाव : पहले चरण के 23% उम्मीदवारों पर आपराधिक केस, 21% हैं करोड़पति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में 23 अप्रैल को होने वाले पहले चरण में किस्मत आजमा रहे लगभग 23 फीसदी उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और पश्चिम बंगाल इलेक्शन वॉच द्वारा जारी एक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। यह विश्लेषण 23 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए मैदान में उतरे 1,475 उम्मीदवारों के हलफनामों पर आधारित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अदालती निर्देशों के बावजूद दल साफ-सुथरी छवि के बजाय जीतने की क्षमता को प्राथमिकता दे रहे हैं।

## 23 अप्रैल को बंगाल और तमिलनाडु में होना है मतदान, 29 को बंगाल का दूसरा चरण

### भाजपा के उम्मीदवार सबसे ज्यादा दागी

रिपोर्ट के अनुसार, प्रमुख दलों में भाजपा के पास आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। भाजपा के 152 में से 106 उम्मीदवारों ने अपने हलफनामों में आपराधिक मामलों की घोषणा की है। सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के 148 उम्मीदवारों में से 63 दागी हैं। वहीं, माकपा के 98 में से 43 और कांग्रेस के 151 में से 39 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### 19 पर हत्या व 6 पर महिलाओं से दुष्कर्म के मामले

कुल 345 उम्मीदवारों पर लंबित आपराधिक मामले हैं, जबकि 294 उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक आरोप दर्ज हैं। इनमें से 19 उम्मीदवारों पर हत्या और 105 पर हत्या के प्रयास के मामले हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध से जुड़े मामलों में 98 उम्मीदवार शामिल हैं, जिनमें से छह पर दुष्कर्म के आरोप हैं।



### महिला प्रतिनिधित्व केवल 11 फीसदी

चुनाव में महिलाओं की भागीदारी अब भी काफी कम है। पहले चरण में केवल 167 महिला उम्मीदवार मैदान में हैं, जो कुल संख्या का मात्र 11 फीसदी है।

**सबसे ज्यादा करोड़पति उम्मीदवार टीएमसी के :** आर्थिक पक्ष की बात करें तो 309 उम्मीदवार (21 फीसदी) करोड़पति हैं। पहले चरण के उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 1.34 करोड़ रुपये है। तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों की औसत संपत्ति सबसे अधिक 5.70 करोड़ रुपये दर्ज की गई है।

### बिना बाउंड्री वाले बूथों के चारों ओर की जाएगी बांस की घेराबंदी

कोलकाता। बंगाल विधानसभा चुनाव को सुरक्षित और निष्पक्ष बनाने के लिए चुनाव आयोग ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आयोग ने निर्देश दिया है कि जिन मतदान केंद्रों में चाहरदीवारी (बाउंड्री वाल) नहीं है, वहां अस्थायी रूप से बांस की घेराबंदी की जाएगी, ताकि अनधिकृत लोगों के प्रवेश को रोका जा सके। इन बूथों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल भी तैनात किए जाएंगे ताकि कोई भी व्यक्ति बांस की घेराबंदी पार कर अंदर प्रवेश न कर सके। संवेदनशील बूथों पर तीन अन्य पर अंदर-बाहर रहेंगे दो सीसीटीवी आयोग के निर्देश के अनुसार, संवेदनशील बूथों पर तीन सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जबकि सामान्य बूथों पर दो कैमरे लगाए जाएंगे।

### बंगाल में पहले चरण में केंद्रीय बलों की 2,407 कंपनियां तैनात

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाने के लिए निर्वाचन आयोग ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। 23 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए आयोग ने केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 2,407 कंपनियां तैनात करने का निर्णय लिया है। मतदाताओं में विश्वास जगाने के लिए सुरक्षा बलों ने संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च शुरू कर दिया है। सुरक्षा के लिहाज से मुर्शिदाबाद जिले को सबसे संवेदनशील माना गया है, जहां सर्वाधिक 316 कंपनियां तैनात होंगी। इसमें मुर्शिदाबाद पुलिस जिले में 240 और जंगीपुर में 76 कंपनियां मोर्चा संभालेंगी। दूसरे नंबर पर पूर्व मेदिनीपुर जिला है, जहां 273 कंपनियां तैनात की जाएंगी।

बंगाल

# ‘कार्यकर्ताओं को फर्जी प्रेस कार्ड बांट रही टीएमसी’, सुवेंदु अधिकारी ने की शिकायत



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने बड़ा आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं को ‘फर्जी प्रेस पहचान पत्र’ जारी कर रही है ताकि वे मतदान केंद्रों तक पहुंच बना सकें और चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकें। भाजपा के वरिष्ठ नेता सुवेंदु ने ‘एक्स’ पर एक पोस्ट साझा कर आरोप लगाया कि राजनीतिक परामर्श देने वाली कंपनी ‘इंडियन पालिटिकल एक्शन कमेटी’ के साथ मिलकर तृणमूल अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को फर्जी प्रेस पहचान पत्र जारी कर रही है। सुवेंदु ने कहा कि इन छद्म पत्रकारों को मीडिया के नाम पर मिलने वाली छूट की आड़ में अवैध गतिविधियां करने के लिए रणनीतिक तरीके से तैनात किया जा रहा है।

### प्रेस कार्ड का सत्यापन करे आयोग

भाजपा नेता ने निर्वाचन आयोग से राज्य भर में हाल में जारी किए गए सभी प्रेस पहचान पत्रों का गहन सत्यापन कराने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि केवल मान्यता प्राप्त मीडिया संगठनों के पत्रकारों को ही मतदान केंद्रों के पास जाने की अनुमति दी जाए।

### ‘घुसपैठियों को वोटर लिस्ट में शामिल करने की साजिश : फडणवीस



कोलकाता। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कोलकाता में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दावा किया कि बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने की साजिश रची थी। उन्होंने ध्यान दिलाया कि तृणमूल जहां मतदाता सूची के एसआईआर पर आपत्ति जता रही है, वहीं जिनके नाम ‘उचित कारणों’ से हटाए गए वे लोग कोई विरोध नहीं कर रहे हैं तो फिर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व उनकी पार्टी तृणमूल को ही क्यों आपत्ति है? उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भले ही विशेष गहन पुनरीक्षण पर कुछ टिप्पणियां की है लेकिन इसे रोका नहीं।

### महिलाओं को भाजपा ने बांटे प्रपत्र : टीएमसी

दूसरी ओर, तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा पर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था। तृणमूल ने कहा था कि भाजपा ने राज्य में विधानसभा चुनाव प्रक्रिया के बीच ‘मातृशक्ति भरोसा कार्ड’ लांच कर महिलाओं को वित्तीय सहायता देने का वादा किया है और मतदान से कुछ दिन पहले विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में इसके प्रपत्र बांटे हैं।

### हुमायूं के खिलाफ आयोग पहुंची तृणमूल

मुर्शिदाबाद जिले में राजनीतिक पारा चरम पर है। आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के उम्मीदवार हुमायूं कबीर एक बार फिर विवादों के केंद्र में हैं। तृणमूल कांग्रेस ने उनके खिलाफ राज्य चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। तृणमूल का आरोप है कि हुमायूं ने पार्टी के स्थानीय नेता मोइनुल हक राणा के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया।

तमिलनाडु

# डीएमके ने जलाईं परिसीमन विधेयक की प्रतियां, काले झंडे लहराए, हासन का समर्थन

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु चुनाव में महज कुछ दिन शेष हैं और चेन्नई की भीषण गर्मी की तरह ही राजनीतिक माहौल गरमा रहा है। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने नामक्कल में चुनाव प्रचार के दौरान विधेयक की प्रति जलाते हुए कहा, ‘मैं इस विधेयक की प्रति जलाकर एक और आग लगा रहा हूं जो तमिलों को अपने ही देश में शरणार्थी बना देगी। ये आग पूरे द्रविड़ जमीन में फैलेगी और बीजेपी के घमंड को कुचल देगी। नमक्कल में मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने भी काले कपड़े पहनकर परिसिमन विधेयक की प्रतियां जलाईं। मुख्यमंत्री ने नारा लगाया, “पोराडम पोराडम, वेल्वोम ओन्ड्रगा,” जिसका अर्थ है हम लड़ेंगे, हम जीतेंगे, और भीड़ ने भी उनके नारे का समर्थन किया। उनके बेटे और उपमुख्यमंत्री ,उदयनिधि स्टालिन ने भी काली टी-शर्ट पहनी हुई थी। डीएमके नेता और मंत्री अनबिल महेश पोय्यामोझी ने कहा कि केंद्र सरकार लोकसभा सीटों को 850 तक बढ़ाकर उत्तर प्रदेश जैसे उत्तर भारतीय राज्यों की ताकत बढ़ाना चाहती है।



### काली साड़ियां, बड़ा संदेश

कई महिला नेताओं ने काली साड़ी पहनकर विरोध में हिस्सा लिया, जो एक मजबूत प्रतीक के रूप में सामने आया। यह संदेश भी साफ था कि महिलाओं के प्रतिनिधित्व से जुड़े इस मुद्दे पर सभी महिला नेता एकमत नहीं हैं।हालांकि, यह भी ध्यान देने वाली बात रही कि केंद्रीय प्रदर्शन में सिर्फ एक डीएमके महिला नेता ही मौजूद थीं.

**कमल हासन की पार्टी ने भी जताया विरोध :** कमल हासन की मक्कल नीधि मय्यम ने भी एक गंभीर रंगत अपनाई, जिसके तहत उसके कार्यालय में काले झंडे फहराए गए। हासन ने इस हफ्ते सलेम में डीएमके के लिए प्रचार करते हुए काली कमीज पहनी थी, शायद आने वाले समय के लिए संकेत देते हुए।

### थलपति विजय उतरे तो सड़कों का बदल गया नजारा

तमिलनाडु चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे विजय थलपति की चुनावी रैलियों में जमकर भीड़ उमड़ रही है। दक्षिण चेन्नई के टी नगर इलाके का नजारा कुछ ऐसा था कि गलियों से लेकर छतों तक सिर्फ लोग ही लोग नजर आ रहे थे। बस एक ही नाम गूंज रहा था ‘थलपति... थलपति!’ दरअसल, ये मौका था साउथ के सुपरस्टार और अब नेता बन चुके विजय की चुनावी रैली का। बैकग्राउंड में गाना बज रहा था ‘उंगा विजय, उंगा विजय, तनी आल इल्लई, कदल नान...’ यानी आपका विजय अकेला नहीं है, वो एक समंदर है, वो आम आदमी की आवाज है। इस दौरान उन्होंने चेन्नई की तीन बड़ी सीटों टी नगर, थाउजेंड लाइट्स और एग्मोर में धुआंधार रोड शो किया,लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा टी नगर की है। विजय की पार्टी टीवीके ने यहां से बुसी आनंद को मैदान में उतारा है। उनके सामने मैदान में हैं राजा अनबाझगन।

## खबर संक्षेप

### ड्रग्स सप्लायर गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** पुलिस ने दक्षिण दिल्ली में सक्रिय एक मादक पदार्थ आपूर्ति गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सिंथेटिक नशीला पदार्थ की तस्करी में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से ‘एक्स्टसी’ की 2029 गोलियां समेत 119.15 ग्राम एमडीएमए बरामद किया गया है। पुलिस ने दीपक तथा मोहम्मद फरहान को गिरफ्तार किया।

### जेल में गांजा सप्लाई करने वाला सिपाही गिरफ्तार



**पणजी।** उत्तरी गोवा की कोलवाले सेंट्रल जेल में नशीला पदार्थ पहुंचाने की कोशिश कर रहे एक पुलिस कॉन्स्टेबल को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी का नाम सुमेश मांद्रेकर है और वह 2024 बैच का कॉन्स्टेबल है। पुलिस को इस बारे में गुप्त सूचना मिली थी। इसी आधार पर जब सुमेश जेल के अंदर गांजा ले जाने की कोशिश कर रहा था, तब उसे पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 1.65 किलोग्राम गांजा मिला।

### पाक के नंबर से ब्लैकमेलिंग युवक ने दी अपनी जान

**मुजफ्फरनगर।** यूपी के शामली जिले में 27 वर्षीय एक युवक ने जहर खाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली हालांकि उसके परिवार ने दावा किया कि उसे मोहपाश के झूठे मामले में फंसाकर पाकिस्तानी नंबर से ब्लैकमेल किया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने बताया कि मृतक के भाई सुहैल द्वारा दर्ज की गई शिकायत के अनुसार, बिलाल को उसकी कथित आपत्तिजनक तस्वीरों वाले संदेश मिल रहे थे और रुपयों के लिए ब्लैकमेल किया जा रहा था।

भारतीय सीमावर्ती पेट्रोल पंपों पर नेपाली वाहनों की भारी भीड़

# नेपाल में पेट्रोल-डीजल महंगा, भारतीय पंपों ने लागू किया 200 वाला नियम

एजेंसी ▶▶ नौतनवा (महाराजगंज)

नेपाल में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भारी अंतर के चलते सीमावर्ती भारतीय इलाकों के पेट्रोल पंपों पर भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। खासकर डीजल के दाम में हाल ही में लगभग 33 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद इसकी कीमत 148 रुपए नेपाली तथा 125 रुपये भारतीय मुद्रा में पहुंच गई है, जिससे नेपाली वाहन चालक बड़ी संख्या में भारत आकर ईंधन भरवा रहे हैं। वहीं भारत में पेट्रोल 95.13 रुपये और डीजल 88.88 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। दोनों देशों के दामों में बड़े अंतर के कारण नेपाली वाहन चालक सीमावर्ती क्षेत्र सोनौली समेत आसपास के पेट्रोल पंपों पर टैंक फुल करा रहे हैं। पेट्रोल पंप पर आपूर्ति को देखते हुए कई पेट्रोल पंप वालों ने एक वाहन को सिर्फ 200 रुपए का पेट्रोल देने का नियम लागू कर दिया है।



### कई पेट्रोल पंपों पर 200 वाला नियम लागू

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अब कई पेट्रोल पंपों पर नया नियम लागू किया गया है, जिसके तहत सभी वाहनों को अधिकतम 200 रुपये का ही पेट्रोल दिया जा रहा है। इसके बावजूद पंपों पर भीड़ कम नहीं हो रही है और लंबी कतारें लग रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जहां नेपाली वाहन चालक टैंक फुल कराने के उद्देश्य से आते हैं, वहीं उन्हें सीमित मात्रा में ईंधन मिलने के कारण बार-बार लाइन में लगना पड़ता है, जिससे अव्यवस्था और बढ़ रही है।

### अलग-अलग लाइन बनाने की मांग

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि भारतीय और नेपाली वाहनों के लिए अलग-अलग लाइन या व्यवस्था बनाई जाए, ताकि विवाद की स्थिति न उत्पन्न हो। तहसीलदार कर्ण सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, नेपाली वाहनों की भीड़ सीमावर्ती पेट्रोल पंपों पर बढ़ी है। जल्द ही पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक कर व्यवस्था को सुचारु बनाया जाएगा। जिससे आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना न पड़े।

दुनिया भर में 8.3 बिलियन यानी 830 करोड़ से ज्यादा खराब विज्ञापनों को हटाया

# एआई का दुरुपयोग: गूगल ने भारत में 48.37 करोड़ विज्ञापन हटाए, बंद किए 17 लाख खाते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टेक कंपनी गूगल ने 2025 में भारत में नियमों का उल्लंघन करने वाले 48.37 करोड़ विज्ञापनों को हटाया या ब्लॉक किया है। इसी दौरान कंपनी ने अपने एआई प्लेटफॉर्म जेमिनी की मदद से 17 लाख एडवरटाइजर अकाउंट्स भी सस्पेंड किए हैं। गुरुवार को जारी गूगल की 2025 एड्स सेफ्टी रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, ग्लोबल लेवल पर कार्रवाई और भी बड़े पैमाने पर हुई है। पिछले साल दुनिया भर में 830 करोड़ से ज्यादा खराब विज्ञापनों को हटाया गया। इसके साथ ही 2.49 करोड़ एडवरटाइजर अकाउंट्स को भी सस्पेंड किया गया है। गूगल के मुताबिक, हटाए गए 8.3 अरब विज्ञापनों में से 99 फीसदी से अधिक विज्ञापन यूजर्स तक पहुंचने से पहले ही रोक दिए गए।



### जेमिनी एआई ने गूगल की ताकत बढ़ाई

गूगल ने बताया कि जेमिनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल के जुड़ने से उसकी क्षमता में जबरदस्त सुधार हुआ है। आजकल स्कैमर्स भ्रामक विज्ञापन बनाने के लिए जेनेरेटिव एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं। जेमिनी की मदद से ऐसे धोखेबाजों को रियल-टाइम में पहचानना और रोकना आसान हो गया है। इसकी कार्यकुशलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यूजर्स की रिपोर्ट पर चार गुना तेजी से एक्शन लिया गया।

### की-वर्ड्स की जगह अब ‘इरादा’ समझता है सिस्टम

गूगल के एड्स प्राइवेसी एंड सेफ्टी विभाग के वीपी और जनरल मैनेजर कीरत शर्मा ने बताया कि उनकी टीमें 24 घंटे काम करती हैं। कंपनी के नए मॉडल्स अब केवल कीवर्ड्स पर निर्भर नहीं हैं, बल्कि वे विज्ञापनों के पीछे के इंटेंट यानी इरादे को भी समझते हैं।

### यूजर्स को ऐसे रहना चाहिए सतर्क

- भले ही गूगल 99% एड्स ब्लॉक कर रहा हो, लेकिन 1% भी बड़ा खतरा हो सकता है
- बहुत ज्यादा लुभावने ऑफर (जैसे 1000 में आईफोन) से बचें
- अनजान वेबसाइट पर बैंक/ओटीपी जानकारी न दें
- यूआरएल और ब्रांड नाम ध्यान से चेक करें स्पॉन्सर्ड टैग देखकर ही भरोसा न करें
- याद रखें, आजकल फर्जी विज्ञापन असली जैसे ही दिखते हैं

### एडवरटाइजिंग इंडस्ट्री पर असर

- इतने बड़े पैमाने पर अकाउंट सस्पेंड होने का असर दो तरह से पड़ता है। फ्रॉड नेटवर्क: बड़े स्तर पर फर्जी नेटवर्क खत्म होते हैं। जेन्युइन बिजनेस: कभी-कभी असली छोटे बिजनेस भी गलती से प्रभावित हो सकते हैं। इसलिए गूगल लगातार अपने सिस्टम को और सटीक बनाने की कोशिश कर रहा है, ताकि गलत अकाउंट ही टारगेट हों

### क्या होता है जेनेरेटिव एआई और एड्स सेफ्टी?

जेनेरेटिव एआई: यह ऐसी तकनीक है जो टेक्स्ट, इमेज और वीडियो खुद बना सकती है। स्कैमर्स इसका उपयोग असली दिखने वाले फर्जी विज्ञापन बनाने में करते हैं। गूगल हर साल यह रिपोर्ट जारी करता है ताकि पारदर्शिता बनी रहे कि उसने अपने प्लेटफॉर्म को सुरक्षित रखने के लिए क्या कदम उठाए हैं।

## सबरीमाला केस में 5वें दिन की सुनवाई याचिकाकर्ता ने रखा अपना तर्क

# आस्था व विश्वास समय के साथ बदलते हैं, इन्हें कानून से नहीं बदल सकते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केरल के प्रसिद्ध सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर सुप्रीम कोर्ट में कानूनी जंग तेज हो गई है। केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 5वें दिन की सुनवाई हुई है। याचिकाकर्ता की तरफ से एडवोकेट राजीव धवन ने कोर्ट से कहा कि आस्था या विश्वास समय के साथ हमेशा बदलते रहते हैं। यह बदलाव सिर्फ किसी कानून के बन जाने से नहीं आता; बल्कि यह बदलाव तो लोगों के बीच से ही उभरकर आता है। इससे पहले 9 जजों की बेंच ने 15 अप्रैल की सुनवाई में कहा था कि करोड़ों लोगों की आस्था को गलत ठहराना सबसे मुश्किल कामों में से एक है। साथ ही यह भी कहा कि सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं किया जा सकता।

### मंदिर प्रशासन ने रखा अपना पक्ष

वहीं मंदिर प्रशासन त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड ने कहा कि सबरीमाला कोई खिलौने की दुकान या रेस्टोरेंट का मामला नहीं है। यहां के देवता ब्रह्मचारी हैं। भारत में अयप्पा के लगभग 1,000 मंदिर हैं। अगर महिलाओं को दर्शन करना है, तो वहां जाएं। उन्हें इसी खास मंदिर में क्यों आना है।



### क्या है पूरा मामला

केरल हाईकोर्ट ने 1991 में सबरीमाला में मासिक धर्म वाली महिलाओं (10-50 साल) की एंट्री पर रोक लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में बैन हटा दिया। फैसले के खिलाफ कई पुनर्विचार याचिकाएं लगाई गईं, जिसपर अब सुनवाई हो रही है। मंदिर प्रशासन महिलाओं की एंट्री का विरोध कर रहा है।

### कोर्ट का सवाल- क्या अंतरात्मा धर्म से भी बढ़कर कोई चीज है

जस्टिस नागरत्ना: क्या आप यह कहना चाहते हैं कि अंतरात्मा धर्म से भी बढ़कर कोई चीज है। इस पर एडवोकेट धवन ने कहा कि अंतरात्मा को उसका स्वरूप या रंग धर्म से ही मिलता है। इसे धर्म से पूरी तरह अलग करके नहीं देखा जा सकता। कई बार, अंतरात्मा की अभिव्यक्ति बाहरी रूप में हो सकती है। अंतरात्मा हम सभी के भीतर मौजूद होती है, और ‘स्वतंत्र रूप से’ शब्द इसे धर्म से जोड़ता है। यही वह सवाल है, जिसे यहां उठाया गया है।

### जानिए विवाद का अब तक का सफर

**1991 :** केरल हाईकोर्ट ने महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध को जायज ठहराया था।
**2018 :** सुप्रीम कोर्ट ने इस बैन को भेदभावपूर्ण बताते हुए हटा दिया था।
**वर्तमान स्थिति :** 2018 के फैसले के खिलाफ कई पुनर्विचार याचिकाएं दायर की गईं, जिसके बाद 7 महत्वपूर्ण संवैधानिक सवालों पर अब बड़ी पीठ सुनवाई कर रही है।
**अदालत की अहम टिप्पणी :** सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर सुप्रीम कोर्ट में चल रही इस सुनवाई के दौरान अदालत ने एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा- “करोड़ों लोगों की आस्था को गलत ठहराना दुनिया के सबसे कठिन कामों में से एक है।”
**अब आगे क्या..? :** 7 अप्रैल से शुरू हुई इस सुनवाई में केंद्र ने भी स्पष्ट किया है कि कई देवी मंदिरों में पुरुषों का प्रवेश वर्जित है, इसलिए परंपराओं का सम्मान होना चाहिए।

गेहूं खरीद पर सरकार की ‘अग्निपरीक्षा’ जारी

# किसानों ने रेल रोको आंदोलन तीन दिन के लिए टाला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब के किसान संगठनों ने अपने तय रेल रोको आंदोलन को तीन दिन के लिए टाल दिया है। यह फैसला बड़े किसान समूहों से बातचीत और सरकार को आखिरी चेतावनी देने के बाद लिया गया।



किसान मजदूर मोर्चा के सरवन सिंह पंधेर ने बताया कि वे सरकार को थोड़ा और समय दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि खराब मौसम के चलते गेहूं की खरीद में जो देरी हुई है, उसे तेज करने के लिए यह मोहलत दी गई है। अब किसानों की मांग है कि गेहूं की खरीद को तेज किया जाए, वरना कुछ ही दिनों में रेल रोको आंदोलन फिर से शुरू कर दिया जाएगा।

### केंद्र सरकार ने क्वालिटी के नियम किए ढीले

किसानों की मदद के लिए केंद्र सरकार ने इस सीजन के लिए अनाज के क्वालिटी मानकों को थोड़ा ढीला कर दिया है। इसका मकसद यह है कि किसानों को उनकी फसल का मिनिमम सपोर्ट प्राइस यानी 2,585 रुपये प्रति क्विंटल मिल सके। इस कदम के बावजूद, सरवन सिंह पंधेर ने पंजाब के मुख्यमंत्री पर सवाल उठाए और कहा कि वे दूसरे राज्यों की तरह तेजी से काम क्यों नहीं कर रहे।

बिलासपुर, शनिवार 18 अप्रैल 2026
haribhoomi.com

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

**यह है अंकगणित**

- 528 सांसदों ने मतदान किया महिला आरक्षण संशोधन बिल पर वोटिंग में
- 298 सांसदों ने पक्ष में वोट किया, जबकि विरोध में 230 वोट पड़े
- 326 सांसदों के मत की जरूरत थी विधेयक पारित होने के लिए, यानी जरूरत के आंकड़े हो हासिल करने में 54 वोट कम पड़ गए।

# दो दिन जुबानी जंग के बाद महिला आरक्षण बिल धड़ाम, 54 वोट से गिरा विधेयक

*लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन बिल से संबंधित 131वां संविधान संशोधन विधेयक पास नहीं हो सका है। इस विधेयक पर दो दिनों तक लगातार चर्चा हुई। इसके बाद शुक्रवार शाम हुई वोटिंग में यह विधेयक गिर गया। इस संशोधन विधेयक के पक्ष में 298 सांसदों ने वोट किया, जबकि विरोध में 230 वोट पड़े। लोकसभा में महिला आरक्षण से संबंधित संशोधन विधेयक पर वोटिंग में कुल 528 सांसदों ने मतदान किया। इसके चलते विधेयक पारित होने के लिए 326 सांसदों के मत की जरूरत थी, लेकिन पक्ष में केवल 298 वोट ही पड़े। इसके चलते यह बिल पारित नहीं हो पाया। इसके चलते परिसीमन से संबंधित विधेयक वोटिंग के लिए प्रस्तावित नहीं किए गए।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

महिला आरक्षण बिल से जुड़े संविधान (131वां) संशोधन बिल पर 21 घंटे की चर्चा के बाद इस पर वोटिंग हुई थी। बिल में संसद की 543 सीटों से बढ़ाकर 850 सीटें करने का प्रावधान था। 12 साल के शासन में यह पहला मौका जब मोदी सरकार सदन में कोई बिल पास नहीं करा पाई है। बिल को पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी। 528 का दो तिहाई 352 होता है। इस तरह ये बिल 54 वोट से गिर गया। इस बिल के पास न होने के बाद इससे जुड़े दो बिल पेश नहीं किए गए। पहला- परिसीमन संशोधन संविधान बिल 2026 व दूसरा- केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल 2026। सरकार ने इन पर वोटिंग कराने से इनकार कर दिया। कहा कि ये बिल एक-दूसरे से लिंक है इसलिए वोटिंग की जरूरत नहीं है।

- मोदी सरकार पहली बार बिल पास कराने में नाकाम
- विधेयक पर दो दिनों तक हुई लगातार चर्चा





### मोदी के चाणक्य भी फेल हुए

बीते दो दिनों से लोकसभा में महिला आरक्षण को लेकर जमकर बहसबाजी हुई। सरकार की पूरी कोशिश थी कि किसी भी तरह से इन बिलों को पास करा लिया जाए, लेकिन विपक्ष अड़ा रहा और आखिरकार सरकार को हार का सामना करना पड़ा। सरकार की तरफ से जो बैटिंग की जा रही थी, उससे साफ था कि इस बिल को पास कराने की कमान खुद गृह मंत्री ▶▶। शेष पेज6 पर

आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) = | ₹103903/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) = | ₹126900/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) = | ₹138523/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
*Conditions apply
anand® Jewels
Pandri, Raipur

### विपक्ष ने कहा- भारत ने देख लिया, इंडिया ने रोक दिया

बिल गिरने के बाद विपक्ष ने इसे सरकार की हार बताया। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा- हमने संविधान पर हुए हमले को हरा दिया है। हमने साफ तौर पर कहा है कि यह महिला आरक्षण बिल नहीं है, बल्कि यह भारत की राजनीतिक संरचना को बदलने का एक तरीका है। विधेयक गिरने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट किया, जिसमें लिखा, 'संशोधन विधेयक गिर गया।



**प्रियंका गांधी ने कहा-** यह हमारे लोकतंत्र और हमारे देश की एकता के लिए एक बड़ी जीत है। जैसा कि मैंने अंदर कहा, यह संविधान पर हमला था, और हमने इसे विफल कर दिया है, जो कि एक अच्छी बात है।

**शशि थरूर ने कहा-** हमने हमेशा कहा है कि हम महिला आरक्षण का पूर्ण समर्थन करते हैं और आज भी इसके पक्ष में मतदान करने को तैयार हैं। हालांकि, इसे परिसीमन से नहीं जोड़ा जाना चाहिए।

### शाह ने कहा- महिलाएं माफ नहीं करेंगी

बिल गिरने पर गृहमंत्री अमित शाह ने कहा- इस देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनके रास्ते का रोड़ा कौन है। यहां पर तो शोर शराबा करके बच जाओगे लेकिन माताओं - बहनों का आक्रोश बाहर पता चलेगा। जब चुनाव में वोट मांगने जाएंगे तो मातृशक्ति हिसाब मांगेगी। शाह ने एक्स पर पोस्ट में कहा- आज लोकसभा में बहुत अजीब दृश्य दिखा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए जरूरी संविधान संशोधन बिल को कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके और समाजवादी पार्टी ने पारित नहीं होने दिया।

### कांग्रेस और इंडी गठबंधन का चेहरा उजागर: साय



बिल गिरने से कांग्रेस और इंडी गठबंधन का चेहरा उजागर हो गया है। विधेयक का विरोध केवल एक कानून का विरोध नहीं, यह देश की मातृशक्ति के अधिकार, सम्मान और नेतृत्व क्षमता को नकारने का प्रयास है।

### *वोटिंग के पहले, पक्ष-विपक्ष में हुई तीखी बहस*

*संसद के तीन दिवसीय विशेष सत्र के दौरान महिला आरक्षण 131वें संशोधन बिल को पास नहीं कराया जा सका। इससे पहले महिला आरक्षण विधेयक को लेकर लोकसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी दलों से इस बिल का समर्थन करने की अपील की, तो वहीं विपक्ष ने इसे लेकर गंभीर आपत्तियां उठाईं।*

### *शाह ने बताया था, क्यों जरूरी परिसीमन*

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इस सदन में 543 सांसद बैठते हैं। किसी के संसदीय क्षेत्र में मतदाता की संख्या 49 लाख है, तो किसी के यहां 60 हजार। कई सीटें इतनी बड़ी हो गई हैं कि सांसद उनसे मिल भी नहीं पाता है। मतदाताओं की अपेक्षा होती है, वे सांसद से मिलना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि क्या जो लोग विरोध कर रहे हैं, वे मुझे समझा सकते हैं कि जिनके यहां 49 लाख मतदाता हों, वे अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह कैसे करते होंगे? इसी को ध्यान में रखते हुए संविधान में समय-समय पर परिसीमन का प्रावधान है।*

### *राहुल ने कहा- 'चुनावी नक्शे को बदलने की कोशिश'*

*नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपने भाषण में कहा कि 2023 में जो महिला आरक्षण बिल पास हुआ था, उसी समय सत्ता पक्ष के सहयोगियों ने संकेत दिया था कि इसे लागू करने में लंबा समय लग सकता है। उनके मुताबिक, मौजूदा प्रस्ताव के जरिए असल मुद्दे से ध्यान हटाया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस बिल के बहाने भारत के चुनावी नक्शे (इलेक्टोरल मैप) को बदलने की कोशिश की जा रही है। राहुल गांधी का कहना था कि यह केवल महिला आरक्षण का मुद्दा नहीं है, बल्कि इसके पीछे राजनीतिक गणित छिपा हुआ है, जिसे जनता के सामने लाना जरूरी है। जहां सरकार इसे महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने की दिशा में बड़ा कदम बता रही है, वहीं विपक्ष इसे राजनीतिक रणनीति और संरचनात्मक बदलाव के तौर पर देख रहा है।*

**एसीबी ने पकड़ा रंगे हाथ**

## रुका वेतन निकालने दो शिक्षकों से 10 हजार घूस लेते बीईओ अरेस्ट


समन्वयक


बीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायगढ़

एक महीने का रुके वेतन निकालने के एवज में दो शिक्षकों से 10 हजार रिश्वत लेते बरमकेला बीईओ नरेंद्र जांगड़े को एसीबी की टीम ने रंगे हाथ पकड़ा है। रिश्वत की राशि बीईओ ने अपने टेबल की दराज में रखी थी। एसीबी की टीम ने रकम बरामद करते हुए बीईओ को अभिरक्षा में लिया है। साथ ही इस पूरे मामले में बीईओ की मदद करने वाले संकुल समन्वयक को भी अभिरक्षा में लिया गया है। इस कार्रवाई को लेकर बरमकेला क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक बरमकेला ब्लॉक के झींकीपाली मिडिल स्कूल में पदस्थ शिक्षक निरंजन बरिहा का बीते मार्च में स्वास्थ्य खराब हो गया था। वह प्रायमरी स्कूल में पदस्थ शिक्षक मुकेश सोना के साथ इलाज के लिए रायगढ़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल गए थे। डॉक्टर नहीं मिला तो दोनों स्कूल लौट गए, लेकिन आधा घंटा लेट हो गया। इस वजह से उनको अनुपस्थित कर दिया गया था। बरमकेला बीईओ नरेंद्र जांगड़े ने दोनों शिक्षकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। दोनों शिक्षकों ने जवाब तो दिया था, लेकिन बीईओ ने दोनों का मार्च महीने का वेतन रोक दिया। इसे लेकर दोनों शिक्षक बीईओ श्री जांगड़े से मिलने गए। बीईओ ने दोनों शिक्षकों से वेतन निकालने के एवज में 5-5 हजार, यानि ▶▶। शेष पेज 6 पर

### लगातार मिल रही थी शिकायत

एसीबी को बरमकेला बीईओ नरेंद्र जांगड़े की लगातार शिकायत मिल रही थी। याने बीईओ एसीबी के टारगेट में था। दूसरी ओर एसीबी की टीम ने जब कार्रवाई की तो बरमकेला के शिक्षकों में खुशी छा गई। बरमकेला ब्लॉक शिक्षक संघ के अध्यक्ष देवम पटेल सहित अन्य शिक्षक समुदाय ने एसीबी टीम की सराहना करते हुए इसे राहत की देने वाली कार्रवाई बताया। देखा जाए तो शिक्षक भी बरमकेला बीईओ श्री जांगड़े से त्रस्त थे।

### दोनों को अभिरक्षा में लिया गया

प्रार्थी शिक्षक द्वारा शिकायत की गई थी। सत्यापन में सही पाया गया। बीईओ को 10 हजार रिश्वत लेते पकड़ा गया है। बीईओ और संकुल समन्वयक को भी अभिरक्षा में लिया गया है।

- अजितेश सिंह
डीएसपी, एसीबी
बिलासपुर

**राहुल की बढ़ी मुश्किलें**

## 'दोहरी नागरिकता' में होगी एफआईआर



हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद और नेता विपक्ष राहुल गांधी की शुक्रवार को दोहरी नागरिकता मामले में मुश्किलें बढ़ गई हैं। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट ने कहा है कि राहुल के खिलाफ लगे इन आरोपों की जांच होनी चाहिए। उसने उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि या तो वह इस मामले की जांच करे या फिर किसी केंद्रीय एजेंसी से इसकी जांच करवाए।

### मानहानि केस की सुनवाई टली

वहीं, गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के मामले में कांग्रेस सांसद व एलओपी राहुल पर जारी मानहानि केस की सुनवाई फिर टल गई है। याची के वकील सन्तोष पाण्डेय ने शुक्रवार को मौका लिया जिस पर एमपी - एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने सुनवाई 22 अप्रैल को सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। राहुल की वायस रिकार्डिंग को विधि विज्ञान प्रयोगशाला से सत्यापित कराने की मांग पर सुनवाई में मुकदमा कई तारीखों से लम्बित है।

### पहले हुई थी याचिका खारिज

इससे पहले, लखनऊ की विशेष एमपी/एमएलए अदालत के 28 जनवरी राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश देने वाली उनकी याचिका को खारिज कर दिया था। इसके खिलाफ शिशिर फिर से कोर्ट पहुंचे थे।

**मोबाइल दुकान की आड़ में सट्टा से खड़ा किया करोड़ों का अंपायर**

## बड़ा रैकेट, बड़ा खेल... ऑनलाइन सट्टे का किंग 'बाबू' दबोचा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

मोबाइल दुकान से सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर का सफर तय कर सट्टा सिंडिकेट के किंग पिन बाबू खेमानी तथा उनके छह अन्य साथियों को पुलिस ने मुंबई तथा गोवा से गिरफ्तार कर एक बड़े सट्टा रैकेट का खुलासा किया है। गिरफ्तार बाबू खेमानी महादेव सट्टा एप की तर्ज पर अपनी खुद की वेबसाइट तैयार कर पेनल बनाकर सट्टा संचालित कर रहा था। बाबू खेमानी का पुलिस को किसी वेब मीडिया में फाइनेंसर होने की जानकारी मिली है। इस संबंध में पुलिस अलग से जांच कर रही है। पुलिस ने बाबू खेमानी के कब्जे से बीएमडब्लू कार सहित 60 लाख रुपए का सामान जब्त किया है।

क्राइम डीसीपी स्मृतिक राजनाला ने सट्टा रैकेट गिरोह का खुलासा करते हुए बताया कि बाबू खेमानी ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर होने का फायदा उठाते हुए हाई ▶▶। शेष पेज 6 पर



### गिरफ्तार आरोपी मुंबई से

- गुलशन उर्फ बाबू खेमानी (32) रायपुर
- रोहित सिंह (26) रायपुर
- विशाल कश्यप (27) रायपुर

### गिरफ्तार आरोपी गोवा से

- लक्ष्मण ढोबर (45) नागपुर (महाराष्ट्र)
- आशीष जाधव (29) अकोला (महाराष्ट्र)
- रंजीत कुमार (28) परशुरामपुर जिला बस्ती (उ.प्र.)
- वैभव खंडेलवाल (37) नागपुर (महाराष्ट्र)

### मोबाइल दुकान से सट्टे की शुरुआत

पुलिस के अनुसार बाबू खेमानी का रवि भवन में मोबाइल शॉप है, वहां वह सट्टा खेलने वालों के संपर्क में आया, इसके बाद अपनी मोबाइल दुकान के माध्यम से म्यूल अकाउंट कर छोटे स्तर पर सट्टे की शुरुआत की। कमाई बढ़ने के बाद बाबू खेमानी सट्टा के गुर सीखने दुबई गया। दुबई में एक महीना ट्रेनिंग लेने के बाद रायपुर लौटा और बड़े पैमाने पर सट्टा की शुरुआत की। रायपुर, मुंबई, पुणे और गोवा जैसे शहरों में बाबू अपने रिश्तेदारों ▶▶। शेष पेज 6 पर

**92.6 अरब डॉलर तक पहुंची गौतम की कुल संपत्ति**

## अंबानी को पछाड़ एशिया के सबसे धनी व्यक्ति बने अदाणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

भारत के दो दिग्गज उद्योगपतियों के बीच अमीरी की दौड़ में एक बार फिर बड़ा उलटफेर हुआ है। गौतम अदाणी ने मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ते हुए एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति का स्थान हासिल कर लिया है। अदाणी समूह के शेयरों में आई तेजी ने उनकी संपत्ति को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। ब्लूमबर्ग अरबपति सूचकांक के अनुसार मुताबिक, गौतम अदाणी की कुल संपत्ति 92.6 अरब डॉलर तक पहुंच गई है, जबकि मुकेश अंबानी की संपत्ति 90.8 अरब डॉलर आंकी गई है। इस बढ़त के साथ अदाणी अब न सिर्फ भारत बल्कि पूरे एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं।



- रिलायंस चेयरमैन की संपत्ति में वृद्धि की रफ्तार रही कम
- वैश्विक सूची में मस्क पहले नंबर पर, अदाणी का स्थान है 19वां

### शेयरों की तेजी से बढ़ी दौलत

अदाणी ग्रुप के शेयरों में हाल के दिनों में जोरदार उछाल देखा गया है। खासकर पोर्ट, ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में कंपनी की मजबूत पकड़ ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है।

### ग्लोबल रैंकिंग में स्थिति

ब्लूमबर्ग अरबपति सूचकांक के अनुसार, गौतम अदाणी फिलहाल दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में 19वें स्थान पर हैं। इस सूची में पहले स्थान पर एलन मस्क हैं, जिनकी संपत्ति 656 अरब डॉलर है। वहीं लैरी पेज 286 अरब डॉलर के साथ दूसरे और जेफ बेजोस 269 अरब डॉलर के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

### उतार-चढ़ाव भरी रही टॉप की दौड़

अदाणी और अंबानी के बीच यह मुकाबला पिछले कुछ वर्षों से लगातार जारी है। 2022 में अदाणी ने पहली बार अंबानी को पीछे छोड़ा था, लेकिन हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद अदाणी ग्रुप समूह के शेयरों में गिरावट आई और अंबानी फिर से शीर्ष पर पहुंच गए। हालांकि, अब एक बार फिर बाजार में आई तेजी के दम पर गौतम अदाणी ने बढ़त हासिल कर ली है और एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति का ताज अपने नाम कर लिया है।



## चिंतन

# तोड़-मोड़कर नहीं, तोल-मोल कर बोलें नेता विपक्ष राहुल

लोकतंत्र की ताकत केवल सत्ता पक्ष से नहीं, बल्कि एक मजबूत और जिम्मेदार विपक्ष से भी तय होती है। ऐसे में संसद में नेता विपक्ष होने के चलते राहुल गांधी से उम्मीद की जाती है कि वे सरकार की कमियों का बारीकी से विश्लेषण कर सार्थक चर्चा और बहस को जन्म दें। यह लगातार हो रहा है कि राहुल संसद में ऐसा व्यवहार करते हैं कि मानों वह प्रधानमंत्री से दुश्मनी निकाल रहे हों। उनके अधिकांश आरोप तथ्यहीन होते हैं। उनमें दम नजर नहीं आता। कई बार तो उनके अरोप सामाजिक वैमनस्य बढ़ाने वाले होते हैं। उनके भाषण इस तरह के हो जाते हैं कि कई बार तो वह राष्ट्रविरोधी लगने लगते हैं। ऐसे भाषणों से यह संदेश जाता है कि देश का नुकसान देखकर राहुल प्रसन्न हो रहे हैं। अनेक बार पाकिस्तान राहुल के बयान को भारत के विरोध के लिए कोट तक करता रहा है। राहुल को यह नहीं भूलना चाहिए कि उनके पिता राजीव गांधी और दादी इंदिरा गांधी ने देश के लिए बलिदान दिया था। किसी भी देशवासी के लिए देश का सम्मान सर्वोपरि होना चाहिए। अगर कभी देश को झटका भी लगता है तो वह किसी के लिए गर्व का विषय नहीं हो सकता। संसद में नेता विपक्ष की भूमिका सरकार की आलोचना करना भर नहीं होती, बल्कि तथ्यों, तर्कों और संतुलन के साथ ऐसी बहस को जन्म देना होती है, जो नीतियों को बेहतर बनाए। ऐसे में राहुल गांधी से अपेक्षा स्वाभाविक रूप से अधिक है। हाल के घटनाक्रम यह संकेत देते हैं कि यह अपेक्षा बार-बार अधूरी रह जा रही है। सिर्फ प्रचार पाने के लिए अथवा पीएम को निशाना बनाने के लिए अपुष्ट बातें कहना नेता विपक्ष की गरिमा को कम करता है। राहुल से उम्मीद की जाती है कि वह नेता विपक्ष होने के नाते और अच्छी तैयारी करके आएं और संसद में एक सार्थक बहस करें। लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा के दौरान राहुल का बयान कि यह "महिलाओं को कमजोर बनाएगा" और "शर्मनाक कानून" है, सिर्फ एक राजनीतिक टिप्पणी नहीं, बल्कि एक गंभीर नीति पर दिया गया आकलन है। संसद कोई चुनावी मंच नहीं है, जहां जुमलों से काम चल जाए; यह वह जगह है जहां हर शब्द का वजन होता है। यहीं सबसे बड़ी चिंता उभरती है। जब नेता विपक्ष अपने भाषण में बालाकोट, नोटबंदी जैसे पुराने मुद्दों को जोड़ते हैं, या कटाक्षपूर्ण भाषा का प्रयोग करते हैं, तो बहस का स्तर स्वतः नीचे चला जाता है। सत्ता पक्ष का विरोध करना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन वह विरोध तथ्यों पर आधारित और नीति-केंद्रित होना चाहिए। इतिहास गवाह है कि विपक्ष में रहते हुए भी नेताओं ने अपनी प्रभावशाली भूमिका निभाई है। अटल बिहारी वाजपेयी, सुषमा स्वराज और शरद यादव जैसे नेताओं ने अपने तर्कों, भाषा की मर्यादा और विषय की गहराई से संसद को समृद्ध किया। उनकी आलोचना तीखी होती थी, लेकिन उसमें तथ्य और संतुलन भी होता था। यही कारण है कि आज भी उनके भाषणों का उदाहरण दिया जाता है। महिला आरक्षण जैसा महत्वपूर्ण विषय केवल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का मंच नहीं बनना चाहिए। यह आधी आबादी के प्रतिनिधित्व का सवाल है, जिसे गंभीरता, संवेदनशीलता और दूरदृष्टि के साथ उठाया जाना चाहिए। यदि इस पर भी बहस का स्तर गिरता है तो यह न केवल संसद के लिए, बल्कि समाज के लिए भी दुर्भाग्यपूर्ण संकेत है। तोड़-मोड़कर बोलना आसान है, लेकिन तौलकर बोलना ही नेतृत्व की असली पहचान है। यदि राहुल गांधी इस कसौटी पर खरे उतरते हैं, तो न केवल उनकी व्यक्तिगत विश्वसनीयता बढ़ेगी, बल्कि भारतीय लोकतंत्र भी मजबूत होगा।



अर्थव्यवस्था
सतीश सिंह

# एमएसएमई के विस्तार में चुनौतियां

बी2के एनालिटिक्स की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक एमएसएमई क्षेत्र के विकास के लिए कुल 162.92 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता आवश्यक होगी। अनुमान है कि बैंक और अन्य वित्तीय संस्थान, जो औपचारिक स्रोत हैं, वे 78.02 लाख करोड़ रुपये उपलब्ध कराएंगे, यह उन एमएसएमई इकाइयों के लिए होंगे, जो संगठित क्षेत्र का हिस्सा हैं, बैंकिंग लेनदेन कर रही हैं, और समय-समय पर जीएसटी रिटर्न दाखिल करती हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस संदर्भ में, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक प्राथमिकता क्षेत्र (पीएसएल) को 56.98 लाख करोड़ रुपये का ऋण और अन्य क्षेत्रों को 18.57 लाख करोड़ रुपये का ऋण प्रदान करेंगे। एनबीएफसी 2.46 लाख करोड़ रुपये का ऋण एमएसएमई को देगा।

बी2के एनालिटिक्स, जो मुख्य रूप से व्यावसायिक डेटा-आधारित समाधान, जोखिम प्रबंधन, परामर्श और अनुसंधान सेवाएँ प्रदान करती है, ने हाल ही में एक अध्ययन में बताया है कि सूक्ष्म, लघु, और मझोले उद्यम (एमएसएमई), जो अभी जीडीपी का 31.1% योगदान कर रहे हैं और विकास का इंजन माने जाते हैं, को 2030 तक व्यापक विस्तार के लिए काफी ऋण लेना पड़ सकता है। इस क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएँ हैं, लेकिन वित्तीय संसाधनों की कमी के कारण इसका अपेक्षित विकास बाधित हो रहा है। यह समस्या उन एमएसएमईके लिए नहीं है जो संगठित क्षेत्र का हिस्सा हैं, क्योंकि इन्हें बैंक और अन्य वित्तीय संस्थान आसानी से ऋण प्रदान करते हैं। लेकिन जो एमएसएमईअसंगठित क्षेत्र से हैं, उन्हें बैंक, एनबीएफसी, या फिनटेक जैसी औपचारिक वित्तीय संस्थान ऋण देने से कतराते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि ये संस्थान इनसे कारोबार संबंधी लेनदेन नहीं करते हैं और ये अमूमन टैक्स देने से भी बचते हैं, जिसके कारण इनके पास वित्तीय लेनदेन का रिकॉर्ड नहीं होता और न ही इनके पास जीएसटी रिटर्न दाखिल करने के रिकॉर्ड होते हैं। बी2के एनालिटिक्स की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक एमएसएमई क्षेत्र के विकास के लिए कुल 162.92 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता आवश्यक होगी। अनुमान है कि बैंक और अन्य वित्तीय संस्थान, जो औपचारिक स्रोत हैं, वे 78.02 लाख करोड़ रुपये उपलब्ध कराएंगे, यह उन एमएसएमई इकाइयों के लिए होंगे, जो संगठित क्षेत्र का हिस्सा हैं, बैंकिंग लेनदेन कर रही हैं, और समय-समय पर जीएसटी रिटर्न दाखिल करती हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस संदर्भ में, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक प्राथमिकता क्षेत्र (पीएसएल) को 56.98 लाख करोड़ रुपये का ऋण और अन्य क्षेत्रों को 18.57 लाख करोड़ रुपये का ऋण प्रदान करेंगे। इसके अलावा, एनबीएफसी 2.46 लाख करोड़ रुपये का ऋण एमएसएमई को देगा।

इस लक्ष्य के लिए कुल 162.92 लाख करोड़ रुपये की राशि में से, शेष 84.3 लाख करोड़ रुपये का वित्तपोषण करना आसान नहीं होगा क्योंकि 95% एमएसएमई इकाई असंगठित क्षेत्र से हैं। 'उद्यम पोर्टल' के अनुसार, 28 फरवरी 2026 तक 7.83 करोड़ एमएसएमई इकाइयां पंजीकृत हो चुकी हैं, लेकिन करीब 90% अभी भी इस पोर्टल पर रजिस्टर नहीं हैं। हालांकि, इन इकाइयों का पंजीकरण तेज़ी से हो रहा है, फिर भी बहुत सी इकाइयां अभी भी पंजीकृत नहीं हैं। इनमें से लगभग 50% ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। बैंक और अन्य वित्तीय संस्थान असंगठित एमएसएमई को ऋण नहीं देते यदि उनके पास वित्तीय लेनदेन या आईटीआर नहीं हैं। इससे उन्हें महाजन या साहूकार से ऋण लेना या अपनी खुद की पूंजी जुटाना पड़ सकता है। एक अनुमान के अनुसार, भारत 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि एमएसएमई क्षेत्र की असंगठित इकाइयों के कारोबार को बढ़ावा देने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यदि एमएसएमई क्षेत्र को पर्याप्त फंडिंग मिलती है, तो भारतीय अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि 2030 में भारत की कुल जीडीपी 537.96 लाख करोड़ रुपये होगी,



जिसमें एमएसएमई का योगदान 215.18 लाख करोड़ रुपये या 40% होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 95% एमएसएमई अनौपचारिक रूप से काम कर रहे हैं और उनका कोई वित्तीय रिकॉर्ड नहीं है, इसलिए बैंक उन्हें ऋण देने से हिचकिचाते हैं। इसे हल करने का एक उपाय है यूपीआई लेनदेन, क्योंकि वर्तमान में बहुत से लोग, खासकर ग्रामीण क्षेत्र में, नकद के बजाय यूपीआई से भुगतान कर रहे हैं। इससे उनकी आय का आंशिक अंदाजा लगाया जा सकता है। साथ ही, यदि ये संस्थान नियमित रूप से जीएसटी रिटर्न दाखिल करते हैं, तो उनसे उनके कारोबार का टर्नओवर और लाभ का अनुमान लगाया जा सकता है, जिससे ऋण स्वीकृति की संभावना बढ़ेगी। इसके अतिरिक्त, मध्यम आकार के एमएसएमई का स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होना भी बाजार से पूंजी जुटाने का एक उपाय है। यदि ऐसा किया जाए, तो इन इकाइयों को केवल ऋण पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं होगी। एमएसएमई इकाइयां आमतौर पर जटिल कागजी कार्रवाई, बैंकों से गारंटी की मांग, उच्च ब्याज दरें, और ऋण स्वीकृति में कठिनाई के कारण से बैंकों से लेन-देन करने से बचती हैं। छोटी एमएसएमई की कमजोर क्रेडिट स्कोर (सिबिल), पूरी वित्तीय रिकॉर्ड, जैसे कि बैलेंस शीट, कैश फ्लो स्टेटमेंट, आईटीआर, और अकाउंट स्टेटमेंट के अभाव के कारण बैंक से जुड़ना मुश्किल हो जाता है। अक्सर बैंक संपार्श्विक गारंटी की मांग करते हैं, जो छोटे और नए उद्यमियों के पास नहीं होती। कम सिबिल स्कोर, खराब क्रेडिट इतिहास या कम व्यवसाय अनुभव भी ऋण आवेदन को खारिज कर देता है। बहुत से एमएसएमई अभी भी अनौपचारिक रूप से काम कर रहे हैं, जिससे वे बैंक की शर्तों को पूरा नहीं कर पाते। कई उद्यमी बैंक ऋण प्रक्रिया को लंबा और जटिल मानते हैंऔरवे निजी साहूकारों या निजी स्रोतों से ऋण लेना पसंद करते हैं, जो उन्हें जल्दी परंतु महंगे दर पर ऋण देते हैं। इसके अलावा, सरकार की कर प्रणाली भी जटिल और कठिन है, और कर दरें उच्च होने के कारण, एमएसएमई कारोबारी औपचारिक वित्तीय संस्थानों से ऋण लेने से हिचकिचाते हैं। एमएसएमई क्षेत्र आज स्थानीय स्तर पर उत्पादन को बढ़ावा देकर 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को साकार करने में मदद कर रहा है, जिससे आयात पर निर्भरता कम हो रही है। ये इकाइयां बड़ी संख्या में ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में फैली हैं, जो क्षेत्रीय असमानताओं को कम कर रही हैं और स्थानीय कारोबार को प्रोत्साहित कर रही हैं। अब अधिकांश एमएसएमई के प्रमोटर अपने रोजमर्रा के जीवन में डिजिटल उपकरणों का उपयोग 50% से अधिक कर रहे हैं, जिससे उनकी दक्षता और उत्पादन में सुधार हो रहा है। उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत महिलाओं की भागीदारी बढ़ती जा रही है, जो महिला उद्यमशीलता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देती है। पिछले कुछ दशकों से, एमएसएमई क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार रहा है, जो देश के विनिर्माण में 35.4% और निर्यात में 48.58% हिस्सा रखते हैं, तथा इस क्षेत्र ने 32.82 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार दिया है। इस तरह, यह क्षेत्र अपेक्षाकृत कम पूंजी में बड़े पैमाने पर रोजगार उत्पन्न कर रहा है।

साथ ही, यह ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने, क्षेत्रीय विकास सुनिश्चित करने और सामाजिक-आर्थिक प्रगति को प्रेरित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। यह बड़े उद्योगों के विकास में भाग लेकर एक व्यापक औद्योगिक पारिस्थितिकी का निर्माण कर रहा है और अपनी विविधता और लचीलापन के कारण विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि सुनिश्चित कर रहा है, साथ ही "मेक इन इंडिया" के लक्ष्य को पूरा कर आयात पर निर्भरता घटा रहा है और निर्यात केंद्रित विकास को तेज कर रहा है।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

बाल मुकुन्द ओझा




# विश्व विरासतों का खज़ाना है भारत

विश्व विरासत दिवस प्रत्येक वर्ष 18 अप्रैल को मनाया जाता है। इस वर्ष 2026 में यह दिवस संघर्ष और आपदाओं में विरासत संरक्षण थीम के साथ मनाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को ने विरासत को अनमोल मानते हुए और लोगों से इन्हें सुरक्षित और सम्भाल कर रखने के उद्देश्य से ही इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया था। विश्व विरासत के स्थल किसी भी राष्ट्र की सभ्यता और उसकी प्राचीन संस्कृति के महत्वपूर्ण परिचायक माने जाते हैं। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य यह है कि पूरे विश्व में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण के प्रति जागरूकता लाई जा सके। भारत की विरासत ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी बिखरी पड़ी है जिन्हें संरक्षित सहेजना चुनौतीपूर्ण है। देश के ग्रामीण अंचलों में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासतों की भरमार है। विरासतों की सार संभाल के साथ इन्हें ग्रामीण पर्यटन से जोड़ दिया जाए तो ना केवल क्षेत्र का समुचित विकास हो सकेगा। वहीं, इन विरासतों को नए मायने मिलने से बड़ा पर्यटन सर्किट विकसित हो सकता है। इससे क्षेत्र की कायापलट हो सकती है। इससे एक तरफ जहां हमारी अमूल्य विरासत संरक्षित होगी, वहीं दो हाथों को रोजगार मिलेगा। प्रत्येक विरासत स्थल उस देश विशेष की संपत्ति होती है, जिस देश में वह स्थल स्थित हो। आने वाली पीढ़ियों के लिए और मानवता के हित के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय का हित भी इसी में होता है कि वे इनका संरक्षण करें। इसके संरक्षण की जिम्मेदारी पूरे विश्व समुदाय की होती है। विरासत के स्थल किसी भी राष्ट्र की सभ्यता और उसकी प्राचीन संस्कृति के महत्वपूर्ण परिचायक माने जाते हैं। बीता हुआ कल काफी महत्वपूर्ण होता है। बीता हुआ समय वापस नहीं आता, किंतु अतीत के पन्नों को हमारी विरासत के तौर पर कहीं पुस्तकों तो कहीं इमारतों के रूप में संजोकर रखा गया है। हमारे पूर्वजों ने निशानी के तौर पर तमाम तरह के मंदिर, मकबरे, मस्जिदें, किले, बावड़ी और अन्य चीजों का सहारा लिया, जिनसे हम उन्हें आने वाले समय में याद रख सकें। वक्त की मार के आगे कई बार उनकी यादों को बहुत नुकसान पहुंचा। किताबों, इमारतों और अन्य किसी रूप में सहेज कर रखी गई यादों को पहले स्वयं हमने भी नजर अंदाज किया, जिसका परिणाम यह हुआ कि हमारी अनमोल विरासत हमसे दूर होती गईं और उनका अस्तित्व भी संकट में पड़ गया। वर्तमान में दुनियाभर में कुल 1248 विश्व धरोहर स्थल हैं। इनमें से 972 सांस्कृतिक, 235 प्राकृतिक और 41 मिश्रित स्थल हैं। चीन, इटली, स्पेन, जर्मनी और भारत दुनिया भर के कुछ शीर्ष देश हैं, जिनकी विश्व स्तर की विरासत की अच्छी गिनती है। भारत में कुल 3691 ऐसे स्मारक और स्थल हैं, जिसमें से यूनेस्को ने भारत में कुल 44 विश्व धरोहरों की घोषणा की है। इनमें 7 प्राकृतिक, 36 सांस्कृतिक और एक मिश्रित हैं। यूनेस्को की अस्थायी सूची में भारत के 70 धरोहर स्थल शामिल हैं। भारत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों का जिक्र करें तो ऐसे बहुत से स्थानों का नाम महत्वपूर्ण है। ताजमहल और मुगलकालीन शिल्प की दास्तां बयान करने वाले दिल्ली के लालकिले ने इस सूची को भारत की ओर से और भी खूबसूरत बना दिया है। ताजमहल को एक विश्वव्यापी मतसंग्रह के दौरान दुनिया के सात अजूबों में अव्वल नंबर कर रखा गया था। विश्व धरोहर सूची में शामिल भारत की अजंता की गुफाएं 200 साल पूर्व की कहानी कहती नजर आती हैं, लेकिन इतिहास के पन्नों में धीरे-धीरे ये भुला दी गईं और बाद में बाघों का शिकार करने वाली एक ब्रिटिश टीम ने इनकी फिर खोज की। विश्व धरोहर सूची में शामिल एलोरा की गुफाएं दुनिया भर को भारत की हिन्दू, बौद्ध और जैन संस्कृति की कहानी बताती हैं। ये गुफाएं लोगों को 600 और 1000 ईस्वीं के बीच के इतिहास से रूबरू कराती हैं। भारत को विश्व धरोहर सूची में 14 नवंबर 1977 में स्थान मिला। तब से अब तक 44 भारतीय स्थलों को विश्व धरोहर स्थल के रूप में घोषित किया जा चुका है। भारत में सर्वप्रथम एलोरा की गुफाएं (महाराष्ट्र) को विश्व विरासत स्थल घोषित किया था।



(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कर्मों से उपार्जित सुख



संकलित
**दर्शन**

संसार के सारे क्रियाकलाप, मानव-समाज में हो रही गति, यह सब केवल मन का ही खेल है। मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश मात्र है। अनेक प्रकार के यंत्र, युद्धपोत आदि सभी मनुष्य की इच्छा शक्ति के विकास मात्र हैं। मनुष्य की यह इच्छाशक्ति चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है। अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छाशक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। संसार में प्रबल इच्छा शक्ति संपन्न जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी उत्कृष्ट कर्मी थे। उनकी इच्छाशक्ति ऐसी थी कि वे संसार को भी उलट-पुलट कर सकते थे। यह शक्ति उन्हें युग-युगांतर तक निरंतर कर्म करते रहने से प्राप्त हुई थी। बुद्ध एवं ईसा मसीह में जैसी प्रबल इच्छाशक्ति थी, वह एक जन्म में प्राप्त नहीं की जा सकती और उसे हम आनुवंशिक शक्तिसंचार भी नहीं कह सकते, क्योंकि हमें ज्ञात है कि उनके पिता कौन थे। हम नहीं कह सकते कि उनके पिता के मुंह से मनुष्य जाति की भलाई के लिए शायद कभी एक शब्द भी निकला हो। जोसेफ (ईसा मसीह के पिता) के समान तो असंख्य बढ़ई आज भी हैं, बुद्ध के पिता के सदृश लाखों छोटे-छोटे राजा हो चुके हैं। अतः यदि वह बात केवल आनुवंशिक शक्तिसंचार के कारण हुई हो, तो इसका स्पष्टीकरण कैसे कर सकते हैं कि इस छोटे से राजा को, जिसकी आज्ञा का पालन शायद उसके स्वयं के नौकर भी नहीं करते थे। ऐसा एक सुंदर पुत्र-रत्न लाभ हुआ, जिसकी उपासना लगभग आधा संसार करता है?

## प्रार्थना के बाद भी भगवान नहीं सुन रहे?



संकलित
**प्रेरणा**

एक सेठ के घर के बाहर एक साधू महाराज खड़े होकर प्रार्थना कर रहे थे और बदले में खाने को रोटी मांग रहे थे। सेठानी काफी देर से उसको कह रही थी कि आ रही हूँ। रोटी हाथ में थी पर फिर भी कह रही थी कि रुको आ रही हूँ। साधू ईश्वर से प्रार्थना कर रहे थे और रोटी मांग रहे थे । सेठ ये सब देख रहा था पर समझ नहीं पा रहा था, आखिर सेठानी से बोला- रोटी हाथ में लेकर खड़ी हो, वो बाहर मांग रहे हैं, उन्हें कह रही हो आ रही हूँ तो उन्हें रोटी क्यों नहीं दे रही हो? सेठानी बोली- हाँ रोटी दूँगी, पर क्या है ना कि मुझे उनकी प्रार्थना बहुत अच्छी लग रही है, अगर उनको रोटी दे दूँगी तो वो आगे चले जायेंगे। मुझे उसकी प्रार्थना और सुननी है। यदि प्रार्थना के बाद भी भगवान आपकी नहीं सुन रहे हैं तो समझना कि उस सेठानी की तरह प्रभु को आपकी प्रार्थना प्यारी लग रही है, इसलिए इंतजार करो और प्रार्थना करते रहो। जीवन में कैसा भी दुःख और कष्ट आए पर प्रार्थना मत छोड़िए। क्या कष्ट आता है तो आप भोजन करना छोड़ देते हैं? क्या बीमारी आती है तो आप सांस लेना छोड़ देते हैं? नहीं ना? फिर जरा सी तकलीफ आने पर आप प्रार्थना करना क्यों छोड़ देते हो? कभी भी दो चीजें मत छोड़िये। भोजन छोड़ दोगे तो जिंदा नहीं रहोगे और प्रार्थना छोड़ दोगे तो कहीं के नहीं रहोगे। सही मायने में जिंदगी में प्रार्थना और भोजन दोनों ही आवश्यक हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**हीमोफीलिया की अदृश्य कड़ियों को तोड़ने का समय**

'निदान : देखभाल का पहला कदम', यह केवल एक विषय नहीं बल्कि मानवता के उस मौन संघर्ष की गूंज है, जिसे हम अक्सर देख नहीं पाते, समझ नहीं पाते और इसलिए समय रहते पहचान भी नहीं पाते। 17 अप्रैल को विश्व हीमोफीलिया दिवस हमें इसी अदृश्य पीड़ा के प्रति संवेदनशील बनने का अवसर देता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि जीवन का आधार 'रक्त' केवल शरीर में बहने वाला द्रव नहीं बल्कि अस्तित्व का मूल है और जब यही रक्त नियंत्रित न हो पाए तो साधारण सी चोट भी जीवन के लिए गंभीर चुनौती बन जाती है। – **वरुण साहू**, राजनांदगांव

## ट्रेंड

### कांग्रेस गिरगिट जैसी



अनु. जाति, अनु. जनजाति और ओबीसी के अधिकारों के मामले में, गिरगिट की तरह रंग बदलने वाली कांग्रेस वही पार्टी है, जिसने केंद्र में सरकार के दौरान किसी भी क्षेत्र में उनके आरक्षण कोटा को पूरा करने के लिए कभी कोई पहल नहीं की।
- **मायावती,** पूर्व सीएम, उप्र

### ईडी की छापेमारी



तीन दिनों के भीतर आम आदमी पार्टी के नेता के आवास पर ईडी की यह दूसरी छापेमारी है। क्या प्रधानमंत्री हमें बताएंगे कि आप नेताओं के आवासों पर अब तक की गई अनगिनत छापेमारी में कितना काला धन बरामद हुआ है? एक रुपया भी नहीं?
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### महिला आरक्षण विधेयक



दशकों से, सड़कों से लेकर संसद तक, हमारी मांग रही है कि महिला आरक्षण विधेयक पारित किया जाए, लेकिन महिला आरक्षण के भीतर, एससी/एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्गों की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण होना चाहिए।
- **लालू प्रसाद यादव,** पूर्व सीएम, बिहार

### संसद का कर्तव्य



स्त्री कोई फूल नहीं, वह परिवर्तन लाने वाली चिंगारी है। महिला सशक्तिकरण कोई विकल्प नही, यह हमारा दायित्व है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पारित करना महज एक निर्णय नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतीय महिला के प्रति इस संसद का कर्तव्य है।
- **बांसुरी स्वराज,** सांसद , भाजपा

## करंट अफेयर


# चीन में कैथोलिक समुदाय पर गिरजाघर से जुड़ने का दबाव



चीन में कैथोलिक समुदायों पर दबाव बढ़ाया जा रहा है कि वे सरकार द्वारा नियंत्रित आधिकारिक गिरजाघर से जुड़ें और साथ ही करीब 1.2 करोड़ कैथोलिक पर निगरानी और यात्रा प्रतिबंध भी कड़े किए जा रहे हैं। एक मानवाधिकार समूह ने यह जानकारी दी। 'ह्यूमन राइट्स वॉच' की विस्तृत रिपोर्ट में कहा गया है कि बढ़ता हुआ यह दबाव एक दशक पुराने अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी धार्मिक संप्रदाय और स्वतंत्र गिरजाघर आधिकारिक रूप से नास्तिक कम्युनिस्ट पार्टी के प्रति वफादार रहें। चीन में कैथोलिक समुदाय दो हिस्सों में बंटा रहा है– एक सरकारी गिरजाघर, जो पोप को नहीं मानता और दूसरा ऐसे चर्च, जो चोरी छिपे संचालित किए जाते हैं और वेटिकन के प्रति निष्ठावान हैं। पोप फ्रांसिस ने 2018 में वेटिकन–चीन समझौते के तहत बिशप की नियुक्ति में चीन को भूमिका दी थी, लेकिन इसके बावजूद दमन जारी है। रिपोर्ट के अनुसार, चोरी छिपे संचालित गिरजाघरों के सदस्यों पर गिरफ्तारी, नजरबंदी और उत्पीड़न जैसी कार्रवाइयां की जा रही हैं। साथ ही धार्मिक गतिविधियों, विदेशी संपर्कों और पादरियों की विदेश यात्रा पर भी कड़े नियंत्रण लगाए गए हैं।

## ऑफ बीट

# जलती रिफाइनरी के धुएं का फेफड़ों और दिल पर असर



रिफाइनरी के आग के धुएं से आमतौर पर पीएम2.5 और पीएम10 जैसे सूक्ष्म कण निकलते हैं, जो फेफड़ों के भीतर तक पहुंच सकते हैं। इसके अलावा सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड और बेंजीन जैसे विषैले गैस तथा वाष्पशील कार्बनिक यौगिक भी उत्सर्जित होते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, आग से दूर रहने वाले लोगों के लिए ये सूक्ष्म कण अधिक चिंता का विषय होते हैं, क्योंकि ये लंबी दूरी तय कर सकते हैं और हवा में लंबे समय तक बने रहते हैं। स्वस्थ वयस्कों में इन प्रदूषकों के अल्पकालिक संपर्क से सामान्यतः स्थायी नुकसान की संभावना कम होती है, लेकिन आंखों में जलन, पानी आना, गले में खराश, खांसी, सिरदर्द और सीने में जकड़न जैसे लक्षण हो सकते हैं। वायु गुणवत्ता में सुधार और प्रदूषकों से संपर्क कम होने पर ये लक्षण प्रायः खत्म हो जाते हैं। विशेषज्ञों की मानें तो यह स्थिति उन लोगों से अलग है जो लंबे समय तक रिफाइनरी में काम करते हैं या आपातकालीन सेवाओं से जुड़े होते हैं, जहां कैंसर और फेफड़ों की बीमारियों का जोखिम अधिक होता है। खराब वायु गुणवत्ता का असर अस्थमा या 'क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज' (सीओपीडी) से पीड़ित लोगों पर अधिक पड़ता है। ऐसे लोगों में सांस फूलने की समस्या और खांसी बढ़ सकती है, जिससे उन्हें सामान्य से अधिक दवाओं की आवश्यकता पड़ सकती है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर

शनिवार 18 अप्रैल 2026

बैशाख शुक्ल पक्ष प्रतिपदा

वर्ष : 26, अंक : 27

पृष्ठ : 12+8 =20 , मूल्य : 5 .00***

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 42.8
न्यून. 29.2



*पांच दिनों में बकाया का भुगतान करने का मिलेगा मौका, नहीं करने पर कनेक्शन फिर से कट होगा*

# बिजली कट होने पर स्मार्ट मीटर में पुश बटन को तीस सेकंड दबाने पर कनेक्शन जुड़ जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

**बड़ी सुविधा**



प्रदेश के स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ी राहत की खबर यह है कि अगर किसी उपभोक्ता का बकाया बिल जमा न होने पर कनेक्शन ऑटो कट हो जाता है, तो ऐसे उपभोक्ता अपने स्मार्ट मीटर में लगे एक पुश बटन को 30 सेकंड तक दबाकर रखेंगे, तो कनेक्शन फिर से जुड़ जाएगा, लेकिन यह कनेक्शन सिर्फ पांच दिनों के लिए जुड़ेगा। इस बीच उपभोक्ता को अपना बकाया जमा करना पड़ेगा, नहीं तो क3नेक्शन फिर से कट हो जाएगा। यह जानकारी पॉवर कंपनी के अधिकारियों ने शुक्रवार को बिजली नियामक आयोग में सुनवाई के दौरान अपना पक्ष रखते हुए दी। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी लंबे समय से ▸▸|शेष पेज 6 पर

### उपभोक्ताओं को करें जागरूक

*आयोग में जब पॉवर कंपनी के अधिकारियों ने पुस बटन के माध्यम से कनेक्शन को फिर से जोड़ने की बात कही तो इस मामले में आयोग ने सवाल किया कि उपभोक्ताओं को कैसे मालूम होगा कि कहां पर स्मार्ट मीटर में पुस बटन लगा है। इसके लिए प्रचार प्रसार करके उपभोक्ताओं को जागरूक करने के निर्देश पॉवर कंपनी को दिए गए हैं।*

# शादियों के सीजन में जानलेवा मजबूरी...मालवाहक में ओवरलोड बाराती, गांव-गांव की यही कहानी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

**अलग खबर**

अक्षय तृतीया करीब है, उससे पहले शादियों का मुहूर्त शुरू हो चुका है और इस मुहूर्त के साथ ही बारातियों का जानलेवा सफर भी प्रारंभ हो गया है। प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में बारातियों को ढोते मालवाहकों की ऐसी तस्वीर आम है। यह हर साल होता है और हर इलाके में होता है। इसे मजबूरी कम, लापरवाही ज्यादा कही जाएगी। ये तस्वीरें गरियाबंद जिले की हैं। हरिभूमि ने एक ही दिन में एक नहीं बल्कि कई ओवरलोड मालवाहक वाहनों में लोगों को ढोते हुए तस्वीरें कैद की हैं। इन तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह दर्जनों लोग एक ही गाड़ी में ठसाठस भरे ▸▸|शेष पेज 6 पर

**बड़ी समस्या**






inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### हरिवंश तीसरी बार बने राज्यसभा के उपसभापति



**नई दिल्ली।** हरिवंश नारायण सिंह तीसरी बार राज्यसभा के उपसभापति बने हैं। उन्हें शुक्रवार को निर्विरोध चुना गया हैं। विपक्ष की ओर से कोई नाम नहीं आया था। पहली बार किसी मनोनीत सदस्य को राज्यसभा का उपसभापति चुना गया है। हरिवंश के समर्थन में राज्यसभा सचिवालय को पांच प्रस्ताव मिले। सदन के नेता जेपी नड्डा ने पहला प्रस्ताव रखा, जबकि दूसरा प्रस्ताव नितिन नबीन ने दिया।

### भीषण सड़क हादसा : एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत

**यादगिर।** कर्नाटक में यादगिर जिले के सुरपुर तालुका में शुक्रवार को एक निजी बस से भिड़ंत के बाद कार में आग लगने से एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह दुर्घटना सुरपुर तालुका में शांतापुरा क्रॉस के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से पुलिस अधीक्षक पृथ्वी शंकर ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि कार का टायर फट गया।

### आसाराम आश्रम गिराने का रास्ता साफ



**अहमदाबाद।** गुजरात हाईकोर्ट ने मोटेरा आश्रम ट्रस्ट की तरफ से दायर याचिका खारिज कर दी। इस याचिका में शहर के मोटेरा इलाके में स्थित भूखंड को खाली कराने की सरकारी कार्रवाई को चुनौती दी गई थी। कोर्ट के फैसले से राज्य सरकार के लिए आश्रम की जमीन अपने कब्जे में लेने का रास्ता साफ हो गया है। मोटेरा आश्रम की 45,000 वर्ग मीटर से ज्यादा की जमीन पर 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जाना है।

*लेबनान में सीजफायर के बाद फैसला; ईरानी विदेश मंत्री ने किया ऐलान*

# 49 दिन बाद ईरान ने खोला होर्मुज स्ट्रेट, गुजर सकेंगे कमर्शियल जहाज

मिडिल ईस्ट जंग के 49 दिन बाद ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह से खोलने का ऐलान कर दिया है। ईरान ने कहा है कि इजरायल-लेबनान सीजफायर के बाद होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह से खोल दिया गया है। इजरायल-अमेरिका ने ईरान पर 28 फरवरी 2026 को हमला किया था। इसके बाद से ही होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही बाधित हो गई थी। होर्मुज को संघर्षविराम की शेष अवधि के लिए ही खोला गया है। जहाज एक सुरक्षित रास्ते से गुजरेंगे, जिसे ईरान के पोर्ट्स और मैरीटाइम ऑर्गेनाइजेशन ने पहले से तय कर रखा है। ईरान के हालिया फैसले पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर ईरान को शुक्रिया कहा लेकिन नाकेबंदी जारी रखने की भी बात कही है।

तेहरान ▸▸| वाशिंगटन

मिडिल ईस्ट जंग के 49 दिन बाद ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह से खोलने का ऐलान कर दिया है। ईरान ने कहा है कि इजरायल-लेबनान सीजफायर के बाद होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह से खोल दिया गया है। इजरायल-अमेरिका ने ईरान पर 28 फरवरी 2026 को हमला किया था। इसके बाद से ही होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही बाधित हो गई थी। ईरान के विदेश मंत्री अराघची ने कहा कि लेबनान में संघर्ष-विराम के मद्देनजर होर्मुज़ स्ट्रेट से सभी कमर्शियल जहाज़ों के गुज़रने का मार्ग पूरी तरह से खुला घोषित किया गया है। अराघची ने यह भी कहा कि होर्मुज को संघर्षविराम की शेष अवधि के लिए ही खोला गया है। उन्होंने बताया कि जहाज एक सुरक्षित रास्ते से गुजरेंगे, ▸▸|शेष पेज 6 पर


- ट्रम्प बोले- शुक्रिया, लेकिन ईरान की नाकाबंदी जारी रहेगी




### 10 दिन का सीजफायर हुआ है इजराइल-लेबनान में सीजफायर

*अमेरिका की पहल पर इजराइल और लेबनान शुक्रवार से 10 दिन के सीजफायर पर राजी हो गए हैं। इसका मकसद स्थायी सुरक्षा और शांति समझौते पर बातचीत को आगे बढ़ाना है। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक, इजराइल को आत्मरक्षा का अधिकार रहेगा, लेकिन वह लेबनान के खिलाफ जमीन, हवा या समुद्र से कोई आक्रामक कार्रवाई नहीं करेगा।*

### इधर ट्रंप बोले- ईरान यूरेनियम सौंपने को तैयार, ईरान ने किया खंडन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान अपने एनरिच्ड (संवर्धित) यूरेनियम का भंडार अमेरिका को सौंपने के लिए तैयार हो गया है। एनरिच्ड यूरेनियम का इस्तेमाल परमाणु हथियार बनाने में होता है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से यह भी कहा कि दोनों देश शांति समझौते के काफी करीब हैं। उन्होंने कहा कि अगर यह डील हो जाती है तो तेल की सप्लाई शुरू हो जाएगी और हालात सामान्य हो जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर समझौता इस्लामाबाद में होता है तो वे पाकिस्तान भी जा सकते हैं।

### होर्मुज मार्ग खुलने से कच्चे तेल की कीमतों में 13 प्रतिशत की गिरावट



होर्मुज जलडमरूमध्य खुलने की खबर से कच्चे तेल की कीमतों में 13 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। इस गिरावट के बाद कच्चा तेल 82 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। इससे पहले ईरान ने एक बयान में कहा था कि होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह खुला है, जिससे तेल टैंकर फिर से फारस की खाड़ी से बाहर निकल सकेंगे और दुनिया भर के ग्राहकों तक कच्चा तेल पहुंचा सकेंगे। इस खबर के बाद एसएंडपी 500 में 0.7 प्रतिशत की तेजी आई।

### अमेरिका का डाउ जोन्स करीब 1,000 अंक चढ़ा

कच्चे तेल की कीमत गिरने से ग्लोबल मार्केट में भी बड़ी हलचल देखने को मिल रही है। अमेरिका का डाउ जोन्स करीब 1,000 अंक की तेजी के साथ 49,500 के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# ट्रक-माजदा की टक्कर में तीन मजदूरों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव

कोडागांव जिले में नेशनल हाईवे-30 पर चिचाड़ी पुल के पास शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे माजदा और गिट्टी से भरे ट्रक की में तीन मजदूरों की मौत हो गई। हादसे में दो मजदूर घायल हो गए हैं। मजदूर टावर लगाने के काम के लिए मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ आए थे। जानकारी के अनुसार माजदा वाहन में मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के ग्राम अनबोर निवासी मजदूर एक कंपनी के टावर निर्माण कार्य के ▸▸|शेष पेज 6 पर

### एक ने अस्पताल में तोड़ा दम

हादसे में सीताराम राजपूत (18 वर्ष) और अनिल राजपूत (18 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल मातादिन राजपूत (32 वर्ष) ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पप्पू राजपूत (18 वर्ष) और पंचम राजपूत (21 वर्ष) घायल हैं, जिनका उपचार फरसगांव अस्पताल में जारी है।


### हादसे के बाद दोनों चालक फरार

हादसे के बाद दोनों वाहनों के चालक मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही फरसगांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक के पहिए और छड़ के नीचे दबे शवों को बाहर निकाला गया। पुलिस ने तीनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए चीरघर में रखवा दिया है। मामले की जांच जारी है।

**महाठग सुकेश चंद्रशेखर का 200 करोड़ का फ्राड केस**

# एक्ट्रेस जैकलीन बनेंगी सरकारी गवाह, दी अर्जी

एजेंसी ▸▸| मुंबई



कॉनमैन सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ा मोड़ आया है। अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने हाल ही में दिल्ली की एक अदालत से कहा कि वह इस मामले में सरकारी गवाह बनना चाहती हैं। अदालत ने उन्हें बताया कि इसके लिए उन्हें औपचारिक रूप से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पास आवेदन करना होगा। अभिनेत्री ने शुक्रवार को सुकेश चंद्र शेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग केस में सरकारी गवाह बनने की इच्छा जाहिर की।

### जैकलीन और सुकेश का कनेक्शन

सुकेश चंद्रशेखर और जैकलीन फर्नांडिस का नाम लंबे समय से एक दूसरे से जुड़ा है। 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग केस के सामने आने से पहले दोनों की कुछ तस्वीरें वायरल हुई थीं, जिनमें दोनों एक दूसरे के काफी नजदीक नजर आए थे। इसके बाद जब सुकेश पर ठगी कर गैरकानूनी तरीके से पैसा कमाने का आरोप लगा तो उसमें जैकलीन पर भी कानून का शिकंजा कसता चला गया। ईडी के मुताबिक, सुकेश ने जैकलीन को महंगे गिफ्ट्स दिए।

# पवन खेड़ा को झटका, नहीं बढ़ेगी अग्रिम जमानत, असम कोर्ट जाएं



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की ट्रांजिट अग्रिम जमानत बढ़ाने की मांग खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि वे अपनी याचिका असम की अदालत में दाखिल करें। पवन खेड़ा की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी। उन्होंने कहा- असम की अदालतें बंद हैं, इसलिए उन्हें कुछ दिन का समय दिया जाए। क्या खेड़ा कोई अपराधी हैं, जो उन्हें इतनी राहत भी नहीं मिल सकती? जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस अतुल एस चंदुरकर की बेंच ने यह मांग ठुकरा दी।

# पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा के घर ईडी की रेड

एजेंसी ▸▸| लुधियाना



पंजाब सरकार के मंत्री संजीव अरोड़ा पर ईडी ने छापेमारी की है। इसी सप्ताह राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के उपनेता अशोक मित्तल के ठिकानों पर भी रेड मारी गई थीं। संजीव अरोड़ा के घर छापेमारी की जानकारी सौरभ भारद्वाज ने भी दी है। इसके साथ ही उन्होंने इसमें भाजपा का हाथ भी बता दिया और कहा कि इनकी चुनाव की तैयारी ऐसे ही होती है, जो शुरू हो चुकी है। आप के राज्यसभा सांसद और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) के चांसलर अशोक मित्तल के 10 ठिकानों पर ईडी की रेड के दो दिन बाद ही यह ऐक्शन हुआ है।

### राज्यसभा छोड़कर लड़ा था उपचुनाव

संजीव अरोड़ा लुधियाना के जाने-माने उद्योगपति हैं। उनकी रितेश इंडस्ट्रीज नाम से एक कंपनी है जोकि एक्सपोर्ट का बिजनेस करती है जोकि मुख्यतः अमेरिका में काम करती है। अरोड़ा ने पहली बार 2022 में राजनीति में आए।

**रविवार 19 अप्रैल से शुरू हो रही है चारधाम यात्रा**

# केदारनाथ धाम में बर्फ की चादर के बीच खुलेंगे कपाट, 6 लाख यात्री करा चुके हैं रजिस्ट्रेशन

एजेंसी ▸▸| देहरादून

उत्तराखंड में इस साल चारधाम यात्रा 19 अप्रैल से शुरू हो रही है। इसके बाद 22 अप्रैल को केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। यहां श्रद्धालुओं के लिए ग्लेशियरों को काटकर स्नो कॉरिडोर तैयार किया गया है, जिससे वे बर्फ के बीच बाबा केदार के दर्शन कर सकेंगे। रजिस्ट्रेशन की संख्या इस उत्साह का प्रमाण है, क्योंकि पहले दिन 42,405 रजिस्ट्रेशन के बाद 15 अप्रैल तक यह संख्या 5,96,100 पहुंच गई है।



### दर्शनों में कोई पाबंदी नहीं

कई बार बर्फबारी के बाद यात्रियों की संख्या पर पाबंदी लगने की अफवाहें उठती हैं, लेकिन प्रशासन ने इस पर स्पष्ट कर दिया है कि दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की संख्या पर कोई सीमा नहीं है।

**ग्लेशियरों की चुनौती, लेकिन तैयारी पूरी:** गौरीकुंड से केदारनाथ तक पैदल मार्ग पर कई जगह ग्लेशियर टूटकर गिर गए हैं। इन क्षेत्रों में 3 से 4 प्रमुख ग्लेशियर पॉइंट चिन्हित किए गए हैं। थारू और चोराबारी ग्लेशियरों का टूटना मुश्किलें ला रहा है, लेकिन मजदूरों ने इन 8 से 10 फीट ऊंची बर्फ की दीवारों को काटकर सुरक्षित रास्ता तैयार किया है।


### बर्फ की चादर में व्यवस्थाओं का खास ध्यान

रुद्रप्रयाग के डीएम विशाल मिश्रा ने बातचीत में बताया कि 100 से ज्यादा श्रमिक दिन-रात काम कर रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं के लिए रास्ता तैयार किया जा सके। बर्फ की मोटी परतें अभी भी चुनौती प्रस्तुत कर रही हैं। मंदिर परिसर और आसपास 2 से 3 फीट बर्फ जमी हुई है। पहले ये 4 से 5 फीट थी, लेकिन अब धीरे-धीरे कम हो रही है।




17- APR- COR- MAIN- Pg- 7 HAMAR PRADESH_Layout 1 4/17/2026 10:20 PM Page 1





## जिला खनिज विभाग की कार्रवाई

# सालभर में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के 944 प्रकरण दर्ज, कार्रवाई कर वसूले साढ़े 3 करोड़ रुपए

### अवैध उत्खनन में मुरुम के 28 एवं रेत के 22 प्रकरण दर्ज, अवैध भंडारण में रेत के 61 प्रकरण दर्ज, 39 लाख रुपए वसूले

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

रायपुर जिले में रेत, मुरुम, चूना पत्थर सहित अन्य खनिज सामग्री का अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के 944 प्रकरण खनिज विभाग ने पिछले एक वर्ष में दर्ज किए हैं। इन प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए विभाग ने 5 करोड़ 56 लाख से अधिक रकम समझौता राशि के रूप में वसूल की है। इसी प्रकार सालभर में विभाग को खनिज सामग्री में रियायत फीस, किराया और रायल्टी के रूप में 99 करोड़ 77 लाख रुपए की आय हुई है। इस तरह कार्रवाई और राजस्व के रूप में एक वर्ष में विभाग ने 105 करोड़ 33 लाख से अधिक कमाई की है।



विभाग के जिला अधिकारी राजेश मालवे ने बताया कि इस बार अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर सख्ती बरती गई है, जिसका परिणाम है कि कार्रवाई भी जमकर की गई है। इस कार्रवाई के साथ समझौता राशि के रूप में जुर्माना भी साढ़े पांच करोड़ से अधिक वसूला है। विभाग से मिले आकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा कार्रवाई खनिज सामग्रियों के अवैध परिवहन पर की गई है। इनमें सबसे अधिक रेत के 554 प्रकरण दर्ज किए गए है। इन प्रकरणों में समझौता राशि भी सबसे अधिक 1 करोड़ 57 लाख रुपए वसूले हैं। इसी प्रकार चूना पत्थर के 132, मुरुम 106, कोयला 9, मिट्टी, 9, फर्शीपत्थर 8, ईंट 7 एवं डस्ट एवं बोल्डर के 1-1 प्रकरण शामिल है। इन प्रकरणों में भी चूनापत्थर से 46 लाख 57 हजार, मुरुम में 29 लाख 7 हजार, कोयला 11 लाख 85 हजार, मिट्टी से 2 लाख 19 हजार, डस्ट से 33 हजार, बोल्डर से 33 हजार, फर्शीपत्थर से 1 लाख 71 हजार एवं ईंट से 1 लाख 34 हजार रुपए समझौता राशि वसूल की गई है।

आकड़ों के अनुसार जिले में अवैध उत्खनन के कुल 54 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इनमें सर्वाधिक 28 मुरुम के प्रकरण दर्ज है।इन प्रकरणों में 24 लाख 92 हजार रुपए की समझौता राशि वसूल की गई है। इसी प्रकार रेत उत्खनन के 22 प्रकरण में 38 लाख 36 हजार रुपए की राशि तथा मिट्टी के 4 प्रकरण में 1 लाख 43 हजार रुपए विभाग ने वसूल किया है। अवैध भंडारण में सबसे अधिक प्रकरण रेत के है। सालभर में विभाग ने 61 अवैध रेत भंडारण के प्रकरणों में कार्रवाई कर 39 लाख 11 हजार रुपए की राशि वसूल की है। इसके अलावा चूनापत्थर के 2 प्रकरण में कार्रवाई कर 2 लाख 10 हजार रुपए समझौता राशि वसूल किया है। इसके अलावा कई प्रकरण ऐसे भी हैं, जिनके अवैध रूप से रेत भंडारण करने वालों की पहचान नहीं हो पाई। इन प्रकरणों में सिर्फ रेत जब्ती बनाकर संबंधित ग्राम पंचायतों के सुपुर्द करने की कार्यवाही की गई है।

### लक्ष्य से 9 करोड़ 77 लाख अधिक आय

खनिज विभाग ने राजस्व के रूप में 99 करोड़ 77 लाख रुपए से अधिक की आय हुई है, जबकि लक्ष्य 90 करोड़ रुपए का दिया गया था। इस तरह लक्ष्य की तुलना में 9 करोड़ 77 लाख रुपए की अधिक आय हुई है। यह आय खनिज सामग्रियों की नीलामी, रियायत फीस, किराया, रायल्टी, अर्थदंड, राजसात के माध्यम से हुई है।

### टारगेट का 10 प्रतिशत अधिक राजस्व

जिले को वर्ष 2025 में 90 करोड़ रुपए राजस्व का टारगेट मिला था। इस टारगेट से लगभग 10 प्रतिशत अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है।

– **राजेश मालवे**, जिला अधिकारी, खनिज विभाग \

# मेडिकल सहित आधा दर्जन काउंसिल का आयुष विवि बनेगा नया ठिकाना, शासन ने जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

अलग-अलग स्थानों में संचालित होने वाले मेडिकल समेत अन्य काउंसिल का संचालन अब एक ही स्थान यानी आयुष विवि परिसर में होगा। इन्हें विवि के महामारी संस्थान के भूतल में अलग-अलग कक्ष का आवंटन किया गया है। शासन ने आदेश जारी कर सभी काउंसिल को अपने नए पते पर शीघ्र शिफ्ट होने का आदेश भी दिया है। शिफ्टिंग के बाद काउंसिल विवि के आडिटोरियम, लाइब्रेरी, कांफ्रेंस हॉल का उपयोग कर सकेंगे। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल, छत्तीसगढ़ आयुष काउंसिल, छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल, छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल, छत्तीसगढ़ डेंटल काउंसिल तथा छत्तीसगढ़ एलायड हेल्थ काउंसिल को आयुष विवि के महामारी संस्थान के भवन में कक्ष आवंटित किया है। सभी संस्थान वर्तमान में राजधानी के अलग-अलग स्थानों पर संचालित हो रहे थे। इनमें छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल और फार्मेसी काउंसिल का संचालन किराए के भवन में हो रहा था। व्यवस्थागत कारणों को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा सभी काउंसिल को एक ही स्थान पर लाने की मंशा काफी समय पहले जाहिर कर दी गई थी। इसके लिए काफी चिंतन-मनन के बाद पंडित दीनदयाल स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय की बिल्डिंग को उपयुक्त माना गया था। इनमें सभी काउंसिल के रजिस्ट्रार के लिए पृथक कक्ष के अलावा सीजीएमसी को चार तथा अन्य काउंसिल को एक-एक कक्ष का आवंटन किया गया है।

- विवि के महामारी संस्थान के भूतल में किया गया कक्ष आवंटित, शीघ्र शिफ्टिंग भी

### कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ाएं

जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. रेशम सिंह ने कहा कि मेडिकल काउंसिल को नए स्थान पर शिफ्टिंग के साथ वहां पर्याप्त संख्या में कर्मचारी बढ़ाने की आवश्यकता है। मेडिकल काउंसिल में अपना पंजीयन कराने के लिए राज्यभर से डाक्टर आते हैं। तात्यापारा के पुराने भवन में फैली अव्यवस्था पर पिछले दिनों जूनियर डाक्टर एसोसिएशन और सीजीडीएफ ने आवाज उठाया था। इस दौरान वहां के छोटे कमरे और मौजूद गिनती के कर्मचारियों की व्यवस्था पर नाराजगी जताई थी।

### मूलभूत सुविधा जुटाना जरूरी

कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता ने कहा कि शिफ्टिंग की चर्चा काफी समय से चल रही थी। इससे आयुष विवि के खाली भवन का उपयोग होगा मगर शासन को वहां तत्काल फोटो, बैंक के साथ परिवहन का पुख्ता इंतजाम करना होगा। सभी काउंसिल में प्रदेशभर से छात्र और अन्य लोगों की आवाजाही होती है। साथ इन काउंसिल में काम करने वाले कर्मचारियों को भी नियमित आवागमन के लिए साधन उपलब्ध कराने की शीघ्र की आवश्यकता होगी।


**निर्माण ठेकेदार की आवश्यकता**

अनुभवी निर्माण ठेकेदारों की आवश्यकता है, जो कुशल और अकुशल लेबर ( जैसे - कारपेंटर, बार बेंडर, हेल्पर और रिगर ) उपलब्ध करा सकें ।

न्यूनतम आवश्यकता : 50 लेबर

इच्छुक ठेकेदार संपर्क करें :
99309 83837
99096 22253
lrd@rivierainfra.com





# अर्थव्यवस्था की रेस में पिछड़ा भारत, छठे नंबर पर पहुंचा, रुपए ने किया कमजोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान वॉर के बाद पैदा हुए वैश्विक संकट के बीच भारत के लिए बुरी खबर सामने आई है। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) की ताज़ा ग्लोबल जीडीपी डेटा की रिपोर्ट के मुताबिक भारत दुनिया की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

- रुपया, डॉलर के मुकाबले दबाव में आया, कच्चे तेल की कीमतें बढ़ी

ठीक एक साल पहले भारत को कुछ समय के लिए चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बताया गया था। आईएमएफ की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, वर्तमान में भारत की जीडीपी लगभग 2.25 ट्रिलियन डॉलर पर है। दूसरी तरफ भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले दबाव में है। डॉलर की मजबूती और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने रुपए को कमजोर किया है। इसका मतलब है कि अगर रुपया स्थिर रहता तो ग्लोबल मार्केट में भारत रैंकिंग और बेहतर हो सकती थी। कमजोर रुपया आयात को महंगा बना देता है, जिसका सीधा असर देश के व्यापार घाटे पर पड़ता है।

## एक साल पहले चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बताया गया था

### भारत से आगे कौनसे देश?

आईएमएफ द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2026 के जारी सूची में अमेरिका शीर्ष पर कायम है। दूसरे स्थान पर चीन ने अपनी जगह कायम रखी। तीसरे स्थान पर जापान, चौथे स्थान पर जर्मनी, पांचवें स्थान पर यूनाइटेड किंगडम और छठवें स्थान पर भारत पहुंचा। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत के सामने अब दोहरी चुनौती है। पहली अपनी विकास दर यानी जीडीपी ग्रोथ को 7-8 प्रतिशत के स्तर पर बनाए रखना और दूसरी रुपए की अस्थिरता को नियंत्रित करना।




### भारत की अर्थव्यवस्था अभी भी बहुत मजबूत

एसएंडपी के निदेशक यी फर्न फुआ ने कहा कि अगर कच्चे तेल की औसत कीमत 85 डॉलर प्रति बैरल रहती है तो भारत 2026-27 में 7.1 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा। उनका कहना है कि दुनिया की किसी भी प्रमुख अर्थव्यवस्था की तुलना में यह आंकड़ा अभी भी बहुत मजबूत है। वैकल्पिक परिदृश्य में भी कहें कि औसत कीमत 130 डॉलर प्रति बैरल रहती है तो भी हम 6.3 प्रतिशत की वृद्धि दर देख रहे हैं। ऐसे में भी भारत की वृद्धि दर प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ज्यादा होगी।

### अर्थव्यवस्था 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स का मानना है कि ईरान युद्ध के बीच अगर चालू वित्त वर्ष में कच्चे तेल की औसत कीमत 130 डॉलर प्रति बैरल रहती है तब भी भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि ऊर्जा की कीमतों के झटके से होने वाले राजकोषीय दबाव का भारत की संप्रभु साख रेटिंग पर असर पड़ने की आशंका नहीं है।


## खबर संक्षेप

### एचडीएफसी लाइफ का मुनाफा चार फीसदी बढ़ा

HDFC Life


**नई दिल्ली।** एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस की प्रीमियम आय बढ़ने के कारण मार्च, 2026 में समाप्त तिमाही में एकल शुद्ध मुनाफा चार प्रतिशत बढ़कर 495.65 करोड़ रुपये हो गया। इस जीवन बीमा कंपनी ने वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च अवधि में 476.54 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### क्रिसिल का लाभ 46 फीसदी बढ़कर 233 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** घरेलू क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल का 2026 की जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 45.9 प्रतिशत बढ़कर 233.3 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 159.8 करोड़ रुपये था। कंपनी की एकीकृत कुल आय भी वर्ष 2026 की पहली तिमाही में 29.6 प्रतिशत बढ़कर 1,093.7 करोड़ रुपये हो गई।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 29 पैसे बढ़कर 92.85 पर



**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 29 पैसे मजबूत होकर 92.85 प्रति डॉलर पर रहा। डॉलर के कमजोर होने और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच वैश्विक स्तर पर सकारात्मक धारणा से घरेलू मुद्रा में मजबूती आई। कारोबारियों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजार में तेजी और विदेशी पूंजी प्रवाह में बढ़ोतरी से भी रुपये पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। अंतरबैंक

### ओम पावर छह प्रतिशत बढ़कर हुआ सूचीबद्ध

OM POWER TRANSMISSION
Commitment is Our Destination

**नई दिल्ली।** विद्युत अवसंरचना क्षेत्र की कंपनी ओम पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड के शेयर अपने 175 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले छह प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ शुक्रवार को सूचीबद्ध हुए। कंपनी का शेयर 175 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले एनएसई पर 186 रुपये पर खुला, जो करीब छह प्रतिशत अधिक की उछाल को दर्शाता है।

### आलोक इंडस्ट्रीज का घाटा बढ़कर 192 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** कपड़ा विनिर्माता आलोक इंडस्ट्रीज का मार्च, 2026 में समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध घाटा बढ़कर 192.54 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज और जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन की साझा स्वामित्व वाली आलोक इंडस्ट्रीज द्वारा दी गई कंपनी को एक साल पहले मार्च अवधि में 74.47 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था।

### नेटफ्लिक्स के चेयरमैन रीड निदेशक मंडल से हटेंगे




**न्यूयॉर्क।** ओटीटी मंच नेटफ्लिक्स के सह-संस्थापक और चेयरमैन रीड हेस्टिंग्स इस साल जून में अपना कार्यकाल समाप्त होने पर कंपनी के निदेशक मंडल से हट जाएंगे। कंपनी ने बताया कि हेस्टिंग्स अब परोपकार कार्यों और अन्य गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने 1990 के दशक के अंत में अपने मित्र और सह-संस्थापक मार्क रैंडोल्फ से यह जिम्मेदारी संभालने के बाद 2023 तक 20 वर्षों से अधिक समय तक कंपनी के सीईओ के रूप में कार्य किया।

## सेबी की और से 15 अप्रैल को अधिसूचना जारी की गई

# सेबी ने बाजार मध्यस्थों के 'उपयुक्त और सक्षम व्यक्ति' नियम में किए संशोधन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने बाजार मध्यस्थों के लिए 'उपयुक्त और सक्षम व्यक्ति' रूपरेखा में संशोधन करते हुए आर्थिक मामलों में आपराधिक शिकायत, प्राथमिकी या आरोप-पत्र दाखिल होने के आधार पर स्वतः अयोग्यता की व्यवस्था समाप्त कर दी है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की तरफ से 15 अप्रैल को जारी अधिसूचना के मुताबिक, अब लंबित आपराधिक शिकायत या आर्थिक अपराध से जुड़े मामलों में आरोप-पत्र दाखिल होना अपने-आप में अयोग्यता का कारण नहीं माना जाएगा। यह कदम नियामकीय प्रक्रिया में अधिक स्पष्टता और निष्पक्षता लाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

- अब आपराधिक शिकायत अयोग्यता नहीं मानी जाएगी
- कदम अधिक स्पष्टता और निष्पक्षता लाने उठाया गया
- स्वत: अयोग्यता की व्यवस्था समाप्त कर दी




### अयोग्य पाए जाने का दायरा बढ़ा दिया

सेबी ने अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने के मामलों में अयोग्य पाए जाने का दायरा बढ़ा दिया है। अब नैतिक रूप से गलत आचरण से जुड़े अपराधों के अलावा आर्थिक अपराधों और प्रतिभूति कानूनों के उल्लंघन में दोषी ठहराया जाना भी अयोग्यता का आधार बनेगी।

### कंपनी बंद होने की प्रक्रिया को अयोग्य नहीं माना जाएगा

*नए प्रावधानों के तहत किसी कंपनी को सिर्फ 'बंद करने' (वाइंड-अप) की प्रक्रिया शुरू होने भर से उसे अयोग्य नहीं माना जाएगा। लेकिन यदि कंपनी के खिलाफ परिसमापन का आदेश पारित हो जाता है तो अयोग्यता लागू होगी। सेबी ने यह भी अनिवार्य किया है कि मध्यस्थ किसी भी अयोग्यता से संबंधित घटना की जानकारी 15 कार्यदिवसों के भीतर नियामक को दें।*

### मध्यस्थों को 30 कार्यदिवस में बदलना होगा

सेबी ने स्पष्ट किया कि किसी संबद्ध इकाई को 'अनुपयुक्त एवं अक्षम' घोषित किए जाने का असर अन्य इकाइयों पर तब तब नहीं पड़ेगा, जब तक उनका सीधे उसी घटना से संबंध न हो। हालांकि, प्रमुख व्यक्तियों के ऐसे घोषित होने पर संबंधित मध्यस्थों को 30 कार्यदिवस के भीतर उन्हें बदलना होगा या छह माह के भीतर उनकी हिस्सेदारी और मतदान अधिकार समाप्त कराने होंगे। इससे पहले, सेबी ने मार्च में इस ढांचे में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

### 100 करोड़ रुपए शुरुआती निवेश का प्रस्ताव

इसी सप्ताह कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने 'नेशनल कोल एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड' नाम को आरक्षित रखने की मंजूरी दी थी। एनएसई के निदेशक मंडल ने फरवरी में इस पहल के लिए पूर्ण-स्वामित्व वाली एक अनुषंगी बनाने को मंजूरी दी थी, जिसमें 100 करोड़ रुपये तक के शुरुआती निवेश का प्रस्ताव है। एनएसई की इस अनुषंगी में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी, जबकि शेष 40 प्रतिशत अन्य निवेशकों को दिया जाएगा।

### एनएसई को कोल एक्सचेंज में निवेश की मंजूरी मिली

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने कहा कि उसे प्रस्तावित 'नेशनल कोल एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड' में निवेश के लिए प्रतिभूति बाजार नियामक सेबी से मंजूरी मिल गई है। एनएसई ने एक बयान में कहा कि यह मंजूरी देश में कोयले के भौतिक व्यापार के लिए एक संगठित बाजार मंच स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण नियामकीय कदम है। एक्सचेंज जल्द ही आवश्यक लाइसेंस प्राप्त करने के लिए कोयला नियंत्रक संगठन से संपर्क करेगा।

### कोयले का आनलाइन हाजिर कारोबार सक्षम बनेगा

प्रस्तावित कोल एक्सचेंज का उद्देश्य मानकीकृत अनुबंधों के जरिये कोयले के ऑनलाइन हाजिर कारोबार को सक्षम बनाना है ताकि उत्पादकों, उपभोक्ताओं और व्यापारियों के लिए पारदर्शी मूल्य निर्धारण और स्पष्ट निपटान व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। यह पहल कंपनी के गठन और आवश्यक मंजूरियों के अधीन कोयला लेन-देन के लिए एक औपचारिक, पारदर्शी और दक्ष बाजार ढांचा विकसित करने में मदद करेगी।

# मस्क की कंपनी 'स्पेसएक्स' बड़ा आईपीओ लाने की राह पर

एजेंसी ▶▶ एडिलेड



- अमेरिकी स्टॉक एक्सचेंज नैस्डैक में दस्तावेज दाखिल
- आईपीओ से करीब दो लाख करोड़ डॉलर जुटाने का लक्ष्य

दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क की अंतरिक्ष अन्वेषण कंपनी 'स्पेसएक्स' ने अमेरिकी नैस्डैक स्टॉक एक्सचेंज में संभावित सार्वजनिक निर्गम से पहले गोपनीय दस्तावेज दाखिल किए हैं। कंपनी का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) करीब दो लाख करोड़ डॉलर के मूल्यांकन का लक्ष्य रखता है।

योजना के तहत मस्क कंपनी का केवल एक छोटा हिस्सा सार्वजनिक निवेशकों को बेचेंगे, जिससे लगभग 75 अरब डॉलर जुटाने की कोशिश होगी। यदि यह सफल होता है, तो यह अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ बन सकता है। 'स्पेसएक्स' की पृष्ठभूमि और कारोबार निजी अंतरिक्ष कंपनी 'स्पेसएक्स' की स्थापना 2002 में एलन मस्क ने की थी। कंपनी ने रॉकेट और प्रक्षेपक वाहनों के पुनः उपयोग की तकनीक विकसित कर अंतरिक्ष प्रक्षेपण की लागत को काफी कम कर दिया, जिससे वाणिज्यिक अंतरिक्ष उड़ानें संभव हो सकीं। कंपनी ने अबतक लगभग 600 सफल रॉकेट 'लैंडिंग' का दावा किया है। अंतरिक्ष अभियानों के बावजूद स्पेसएक्स का 50 से 80 प्रतिशत राजस्व स्टारलिंक से आता है, जो एक सैटेलाइट इंटरनेट सेवा है और यह कंपनी दुनिया भर में एक करोड़ से अधिक उपयोगकर्ताओं को सेवा दे रही है। फरवरी 2026 में 'स्पेसएक्स' का विलय एआई चैटबॉट /"ग्रोक/"विकसित करने वाली कंपनी 'एक्सएआई' के साथ हुआ।

### एन्थ्रॉपिक व ओपनआई भी आईपीओ लाने तैयार

'स्पेसएक्स' का यह आईपीओ इस साल की तीन बड़ी संभावित सूचीबद्धता में से एक हो सकता है, जिनमें एआई कंपनियां 'एन्थ्रॉपिक' और 'ओपनएआई' भी शामिल हैं। यदि 'स्पेसएक्स' 75 अरब डॉलर जुटाता है, तो यह उसके कुल मूल्य का केवल 3.75 प्रतिशत होगा। इसका मतलब है कि कंपनी का अधिकांश हिस्सा निजी हाथों में रहेगा।


# मिड ईस्ट तनाव घटने से सेंसेक्स 505 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और विदेशी निवेशकों की ताजा लिवाली से घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 505 अंक की मजबूती दर्ज की गई जबकि निफ्टी 157 अंकों की बढ़त पर रहा।

- बाजार में विदेशी निवेशकों की ताजा खरीदारी दिखी

विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच कूटनीतिक समाधान की नई उम्मीद और इजराइल-लेबनान के बीच 10 दिन के युद्धविराम से वैश्विक निवेशकों का जोखिम उठाने का रुझान बेहतर हुआ है। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 504.86 अंक यानी 0.65 प्रतिशत उछलकर 78,493.54 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 564.77 अंक तक चढ़ गया था।



*तेल के उछाल को लेकर चिंता कम हुई : लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के. ने कहा, /"पश्चिम एशिया में तनाव घटने की उम्मीद ने घरेलू बाजार को मजबूती देने का काम किया। इससे कच्चे तेल की कीमतों में संभावित उछाल को लेकर चिंता कम हुई, जिसका असर मुद्रास्फीति और मुद्रा स्थिरता पर पड़ता है।/"*

वहीं, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 156.80 अंक बढ़कर 24,353.55 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 4.84 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,65,64,461.51 करोड़ रुपये (5.02 लाख करोड़ डॉलर) हो गई।

### कच्चे तेल में 10 फीसदी की गिरावट



हॉर्मुज जलडमरूमध्य खुलने की खबर से कच्चे तेल की कीमतों में 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। इससे पहले ईरान ने एक बयान में कहा था कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह खुला है, जिससे तेल टैंकर फिर से फारस की खाड़ी से बाहर निकल सकेंगे और दुनिया भर के ग्राहकों तक कच्चा तेल पहुंचा सकेंगे। इस खबर के बाद एसएंडपी 500 में 0.7 प्रतिशत की तेजी आई। डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में एक प्रतिशत की वृद्धि हुई और नैस्डैक कंपोजिट भी एक प्रतिशत चढ़ गया मार्च के अंत से अब तक अमेरिकी शेयर बाजारों में 11 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई है।

# देश में बैंकों ने रोका सोने और चांदी का आयात, हो सकती है किल्लत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

## सरकार ने आयात की अनुमति देने नहीं किया कोई आदेश जारी

भारतीय बैंकों ने सोने और चांदी का आयात रोक दिया है। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि सरकार ने सोने और चांदी के आयात की अनुमति देने के लिए अब तक कोई औपचारिक आदेश जारी नहीं किया है। इससे कस्टम में कई टन सोना-चांदी अटका हुआ है।

- कस्टम में कई टन सोना और चांदी अभी अटका हुआ है

अगर आयात नहीं हुआ तो देश में सोने और चांदी की शॉर्टेज हो सकती है। भारत दुनिया में सोने का दूसरा बड़ा उपभोक्ता है। साथ ही भारत चांदी का सबसे बड़ा खरीदार है। देश में सोने और चांदी की अधिकांश डिमांड आयात से पूरी होती है। अमूमन नया वित्तिय वर्ष शुरू होने पर मिनिस्ट्री और कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के तहत आने वाला विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) एक आदेश जारी करता है।

### नए आदेश का इंतजार

इसमें उन बैंकों की लिस्ट दी जाती है जिन्हें आरबीआई ने सोना और चांदी आयात करने के लिए अधिकृत किया है। पिछले ऑर्डर अप्रैल 2025 में जारी किया गया था और यह पिछले फाइनेंशियल ईयर के अंतिम दिन 31 मार्च तक वैलिड था। बैंकों को अब डीजीएफटी के नए आदेश का इंतजार है।





### पिछले साल 710 टन सोना खरीदा था

सूत्रों ने साथ ही कहा कि करीब 8 टन आयातित चांदी भी कस्टम क्लियरेंस के लिए पड़ा हुआ है। एक अन्य बुलियन डीलर ने कहा कि पुरानी खेप के क्लियर हुए बिना नए ऑर्डर देने का कोई औचित्य नहीं है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के मुताबिक भारत ने पिछले साल 710 टन सोना खरीदा था जो पांच साल में सबसे कम है। सोने और चांदी के स्टॉक में अब कमी आ रही है और अब बाजार एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स से होने वाली बिक्री पर निर्भर है।

### 5 साल में सबसे कम खरीद

डीजीएफटी ने इस पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। मुंबई के एक बैंक में बुलियन डीलर ने कहा कि बैंकों को उम्मीद थी कि हर साल की तरह इस बार भी डीजीएफटी अप्रैल की शुरुआत में ऑर्डर जारी कर देगा लेकिन अब तक इस पर कोई अपडेट नहीं आया है। 5 टन से अधिक सोना कस्टम क्लियरेंस के लिए पड़ा हुआ है। डीलर ने कहा कि डीजीएफटी के ऑर्डर को लेकर अनिश्चितता को देखते हुए बैंकों ने विदेशी सप्लायर्स से नया आयात रोक दिया है।

## विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 700 अरब डॉलर के पार



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान 3.82 अरब डॉलर बढ़कर 700.94 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह कहा। इससे पहले तीन अप्रैल को समाप्त सप्ताह में कुल भंडार 9.06 अरब डॉलर बढ़कर 697.12 अरब डॉलर रहा था। पश्चिम एशिया संघर्ष की शुरुआत से पहले इस साल 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, संघर्ष के कारण रुपये पर दबाव बढ़ा और आरबीआई को विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर की बिक्री के जरिये हस्तक्षेप करना पड़ा, जिससे लगातार कई हफ्तों तक भंडार में गिरावट देखी गई थी। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार 10 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के लिए, विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) 3.12 अरब डॉलर बढ़कर 555.98 अरब डॉलर पर रही।

# चांदी 5,700 रुपए लुढ़की, सोना 1,600 रुपए टूटा

- चांदी घटकर 2.53 लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर
- सोना गिरावट के साथ 1.56 लाख रुपए प्रति दस ग्राम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

घरेलू बाजार में कमजोर मांग के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमत 5,700 रुपये टूटकर 2.53 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि सोना 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 5,700 रुपये यानी 2.2 प्रतिशत टूटकर 2,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। सराफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 1,600 रुपये यानी 1.01 प्रतिशत टूटकर 1,56,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) पर रहा। एलकेपी सिक्योरिटीज में शोध विश्लेषण विभाग के उपाध्यक्ष (जिंस और मुद्रा) जतीन त्रिवेदी ने कहा, ''युद्धविराम के बाद के घटनाक्रम पर सप्ताहांत आने वाली जरूरी जानकारी से पहले बाजार के सतर्क रहने की वजह से सोना सीमित दायरे में रहा और कीमतों में नरमी रही।

### सोना सीमित दायरे में रहने की संभावना

*त्रिवेदी ने कहा कि कुल मिलाकर, सोना के सीमित दायरे में रहने की संभावना है, जिसमें उतार-चढ़ाव का रुझान रहेगा। और सप्ताहांत के किसी भी घटनाक्रम पर तेजी से प्रतिक्रिया करेगा। विदेशी बाजारों में, हाजिर सोना थोड़ा घटकर 4,786.90 डॉलर प्रति औंस पर रहा, जबकि चांदी 1.12 प्रतिशत बढ़कर 79.28 डॉलर प्रति औंस हो गई।*

**दिल्ली विश्वविद्यालय**
UNIVERSITY OF DELHI

विज्ञापन सं. R&P/319/2026 दिनांक: 17.03.2026

दिल्ली विश्वविद्यालय के **प्रौद्योगिकी संकाय के कंप्यूटर इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार इंजीनियरिंग विभागों** में **सहायक प्रोफेसर** के पद पर नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित आवेदन पत्र में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पद का शैक्षणिक वेतनमान 10 है, जो कि 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के अनुसार है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से दो सप्ताह है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.du.ac.in पर जाएं और ''Work with DU'' शीर्षक के अंतर्गत ''Advertisement - Departments'' पर क्लिक करें।

**कोई भी संशोधन/संशोधन केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।**

cbc 21231/12/0008/2627 पंजीयक

**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

एनआईटी क्र.08/न.पा.नि./जोन क्र. 04/2026-27 दिनांक 17/04/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दिनांक 08.05.2026 को सायं काल 5:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | निविदा क्रमांक/ सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | निविदा डाउनलोड/ सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 189119 | वार्ड क्र. 26 सामुदायिक भवन का संधारण एवं भवन में नयी सुविधाओं की व्यवस्था कार्य | 10.00 | 08 / 05 / 2026 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

जोन कमिश्नर, जोन क्र.04
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.

**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**
**प्रथम निविदा विज्ञप्ति**

नि.क्र.49/न.पा.नि./जोन क्र.08/2025-26 बिलासपुर दिनांक 17.04.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल निविदा दिनांक 08.05.2026 तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | राशि रु. (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 61 तीर्थानी गली दास बाबू के घर से दाऊ तिवारी के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 5.95 | 5,000.00 |
| 2 | वार्ड क्र. 61 मुक्तिधाम चौक के पास श्री राठौड़ के घर से अनिल आहूजा के घर तक सी.सी. रोड तथा आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 9.05 | 7,000.00 |
| 3 | वार्ड क्र. 62 तिवारी के घर से सांई मंदिर तक सी.सी. रोड मरम्मत कार्य। | 7.73 | 6,000.00 |
| 4 | वार्ड क्र. 63 अरविंद नगर चौबे कॉलोनी सरकंडा में राजेश पाण्डेय के घर से लल्लू कश्यप के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 3.83 | 5,000.00 |

निविदा से संबंधित अन्य जानकारी ज़ोन क्र.08 कार्यालय भवन सिटी बस डिपो प्रथम तल कोनी से अथवा निगम की वेबसाईट www.bilaspurnagarnigam.com से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता,** ज़ोन क्र.08
न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)

वृक्षारोपण कार्य महान, एक वृक्ष सौ पुत्र समान

## खबर संक्षेप

### नारी शक्ति वंदन विधेयक से देश में खुशी : बजाज

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक पेश करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा, इस विधेयक के पेश होने से देशभर में खुशी का माहौल है। श्री बजाज ने विपक्षी दलों से आग्रह किया कि बिना किंतु परंतु के इस बिल का समर्थन करें। नारी शक्ति वंदन विधेयक सर्वसम्मति से पारित होना नए भारत की ऐतिहासिक घटना होगी तथा इससे संसद का गौरव बढ़ेगा।

### डेला रेसकोर्स एंड इंटरनेशनल पोलो क्लब प्रोजेक्ट पर रेरा की रोक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (सीजीरेरा) ने बिना पंजीकरण रियल एस्टेट परियोजना के प्रचार-प्रसार के मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए डेला रेसकोर्स एंड इंटरनेशनल पोलो क्लब परियोजना पर क्रय-विक्रय एवं पंजीयन पर अंतरिम (प्रारंभिक) रोक लगा दी है। प्राधिकरण द्वारा प्रकरण क्रमांक एसएम-यूआरपी-2026-03599 में संज्ञान लेते हुए पाया गया, नया रायपुर के सेक्टर-37 स्थित लगभग 55 एकड़ क्षेत्र में प्रस्तावित उक्त परियोजना के प्रमोटर द्वारा रेरा अधिनियम, 2016 की धारा 3 का उल्लंघन किया गया है। जांच में यह तथ्य सामने आया कि संबंधित प्रमोटर ने बिना रेरा पंजीकरण प्राप्त किए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर परियोजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया और आम नागरिकों को बुकिंग के लिए आमंत्रित किया। यह कृत्य अधिनियम के स्पष्ट प्रावधानों के विपरीत है, जिसके अनुसार बिना पंजीकरण किसी भी रियल एस्टेट परियोजना का विज्ञापन, विपणन या विक्रय प्रतिबंधित है। रेरा द्वारा नियमित निगरानी के दौरान उक्त विज्ञापन संज्ञान में आने पर प्रकरण दर्ज किया गया। उपलब्ध तथ्यों के आधार पर प्रथम दृष्टया उल्लंघन प्रमाणित पाए जाने पर प्राधिकरण ने अपने वैधानिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए परियोजना से संबंधित सभी प्रकार के भूखंड, मकान एवं इकाइयों के क्रय-विक्रय और पंजीयन पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश जारी किया है।

# मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष ने 'ऑनलाइन स्व-गणना' फार्म भर अभियान का किया शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

16वीं राष्ट्रीय जनगणना के सफल निष्पादन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री निवास में जनगणना 2027 के 'ऑनलाइन स्व-गणना' चरण का संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। केंद्रीय पोर्टल पर अपने परिवार का विवरण दर्ज कर, नेताओं ने केंद्र सरकार के कागज रहित, पारदर्शी और प्रौद्योगिकी संचालित जनगणना के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। यह राज्य-स्तरीय शुभारंभ गृह मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रीय रोलआउट के अनुरूप है।

**जनगणना के महाभियान में नागरिकों से सक्रिय भागीदारी की अपील**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया जनगणना 2027 राष्ट्रीय महत्व का एक मिशन है, जो केवल जनसंख्या की गिनती से कहीं बढ़कर है। यह 'विकसित भारत' और 'विकसित छत्तीसगढ़' के निर्माण की आधारशिला है। केंद्र सरकार ने नागरिकों को आसानी और गोपनीयता के साथ राष्ट्रीय डेटाबेस में सीधे योगदान करने के लिए सशक्त बनाने हेतु डिजिटल स्व-गणना की शुरुआत की है। मैं छत्तीसगढ़ के प्रत्येक निवासी से 16 से 30 अप्रैल तक की अवधि में भाग लेने की अपील करता हूं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन ने भरा स्व-गणना फार्म भरा।

### प्रगणक के साथ साझा करना अनिवार्य

स्व-गणना चरण के तहत परिवार मोबाइल नंबर का उपयोग करके लॉग इन कर 33-बिंदुओं वाली प्रश्नावली भर सकते हैं। पूरा होने पर, एक विशिष्ट 11-अंकीय स्व-गणना आईडी उत्पन्न होती है, जिसे जानकारी सत्यापित करने के लिए क्षेत्र दौरे के दौरान प्रगणक के साथ साझा करना अनिवार्य है। यह डिजिटल-प्रथम दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक घर की आवश्यकताओं की सटीकता के साथ रिकॉर्ड किया जाए, जिससे राज्य और देश के लिए संसाधनों के उचित आवंटन और प्रभावी विधायी योजना में सहायता मिले।

**नक्सलमुक्त बस्तर के बाद परिजनों में बड़ी आस**

# मैदानी क्षेत्र में स्थानांतरण कहीं सपना ना बन जाये



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

31 मार्च 2026 के नक्सल मुक्त बस्तर के बाद अब सभी की निगाहे सुनहरे भविष्य को लेकर हो रहा है। बस्तर संभाग में इन दिनों अगर किसी स्थानांतरण की सूची का इंतजार हो रहा हो, तो वो है पुलिस विभाग के डीएसपी, निरीक्षक व उप निरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारियों का। पुलिस मुख्यालय से जारी होने वाली सूची का दक्षिण बस्तर के आधा दर्जन डीएसपी सहित सुकमा जिले के 1 दर्जन से ज्यादा निरीक्षक व 50 से अधिक उप निरीक्षक टकटकी निगाहों से इंतजार कर रहे है।

- 2021 से पदस्थ दो दर्जन डीएसपी को इंतजार

जिले में इन दिनों अनुविभागों व विभिन्न थानों में पदस्थ निरीक्षकों के चेहरे पर मायूसी नजर आ रही है। एक ओर बस्तर में जहां 2021 से पदस्थ डीएसपी स्तर के दो दर्जन अधिकारी व जिले के एक दर्जन से ज्यादा निरीक्षकों को अपनी सेवा के 10 वर्ष देने के बाद भी मैदानी क्षेत्रों में भेजे जाने के आदेशों का इंतजार है। नक्सल प्रभावित रहे बस्तर में पिछले चार वर्षों से पदस्थ ऐसे 18 निरीक्षक सुकमा में तैनात है। हाल ही में कई निरीक्षकों को लंबे समय तक बस्तर में सेवा देने के बावजूद मैदानी इलाकों से वंचित रखा गया है। जिसके कारण अप्रत्यक्ष रूप से निरीक्षकों के साथ साथ उनके परिजन भी नाखुश हैं। डीएसपी व पुलिस निरीक्षकों के परिजन स्थानांतरण को लेकर खुल कर सामने नहीं आ रहे हो लेकिन अंदर ही अंदर स्थानांतरण नीति पर सवालिया निशान जरूर खड़े कर रहे है। सुकमा में पदस्थ एक निरीक्षक के परिजनों ने कहा कि पिछले 5 वर्षों से संवेदनशील क्षेत्र में पदस्थ है। लेकिन अफसोस तब होता है जब मैदानी क्षेत्र के निरीक्षकों को पुनः मैदानी क्षेत्रों में भेज दिया जाता है।

### अब तो मुक्त करे सरकार

सुकमा जिले में 6 वर्ष व बस्तर में 2012 से पदस्थ कई निरीक्षक 2023 विधानसभा व 2024 लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न करा चुके है। सुकमा जिले मे ही 15 डीएसपी को पांच वर्ष कुछ माह बाद हो जाएंगे। छत्तीसगढ़ की बात करे तो संभवत: इतने लंबे समय तक एक ही जिले में डीएसपी का कार्यकाल किसी का भी नहीं रहा है। बस्तर में पदस्थ पुलिस के अधिकारी भी बस्तर से मुक्त होने को आतुर है। सुकमा की बात करें तो यहा पदस्थ डीएसपी परमेश्वर तिलकवार, निशांत पाठक, रजत नाग, तोमेश वर्मा, शिखर मरावी, रोहित शुक्ला तथा दंतेवाड़ा में पदस्थ कमलजीत पाटले, बीजापुर में तिलेश्वर यादव तथा कांकेर में पदस्थ गिरीजा शंकर साव, अविनाश ठाकुर, मिखलेन्द्र प्रताप सिह, रवि कुजुर, कोंडागांव से सतीश भार्गव जगदलपुर से अमित देवांगन, दीपिका साहू शामिल हैं।

### एक अधिकारी शहीद तो कई बाल- बाल बचे

नक्सल मुक्त बस्तर में वैसे तो कई जवानों ने अपनी शहादत दी है लेकिन अगर राजपत्रित पुलिस अधिकारी की बात करे तो कोन्टा में पदस्थ रहे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपुंजे ने अपनी 9 जुन 2025 को शहादत दी थी। इसके अलावा कई डीएसपी भी नये कैंप स्थापना के दौरान बाल बाल बचे थे। बताया जाता है कि सुकमा जिले मे पदस्थ कई डीएसपी 15-15 दिन तो जंगलों मे रह कर नक्सलियों के बटालियन में कैंप स्थापित किये हैं, जिसमें एलमागुंडा, पोटकपल्ली, टोंटामरका, रायगुड़ेम,तुमलपाड़ सहित कई कैंप स्थापित किये गये जो नक्सलियों से मुक्त कराने में कारगर साबित हुए।

**जिला अस्पताल में 'पेन क्लीनिक' निश्चेतना विभाग में विशेषज्ञ की नियुक्ति**

# राज्य में पहली बार... जिला अस्पताल में पुराने दर्द का उपचार, कई मरीजों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

पुरानी बीमारी अथवा चोट से मिले ना जाने वाले दर्द से अब जिला अस्पताल में छुटकारा दिलाया जा रहा है। राज्य में पहली बार किसी जिला अस्पताल में संचालित पेन क्लीनिक में निश्चेतना एवं दर्द निवारक चिकित्सा के विशेषज्ञ डाक्टर की नियुक्ति हुई है। मेडिकल एवं इंटरवेशन प्रक्रिया से अभी मरीजों का इलाज किया जा रहा है और आने वाले दिनों में इसमें इस्तेमाल होने वाली आधुनिक सुविधा भी जुटाई जाएगी।

अब तक चिकित्सा महाविद्यालय अथवा निजी अस्पताल में इस तरह की सुविधा मरीजों को दी जाती थी। पहली बार जिला अस्पताल पंडरी में पुरानी पीड़ा सह रहे मरीजों को दर्द निवारक चिकित्सा विभाग द्वारा राहत देने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए विभाग में निश्चेतना विशेषज्ञ के रूप में डा. पलक चावड़ा की नियुक्ति की गई है। ऑपरेशन थियेटर के सामने संचालित होने वाले इस पेन क्लीनिक में इलाज के




माध्यम से कई मरीजों को राहत मिली है। डाक्टरों के मुताबिक जब कोई दर्द 3 महीने या उससे अधिक समय तक बना रहता है, तो उसे क्रॉनिक पेन कहा जाता है। यह दर्द किसी चोट, बीमारी, या बिना किसी स्पष्ट कारण के भी हो सकता है। सामान्य प्रकारों में पीठ दर्द, गठिया, माइग्रेन और नसों का दर्द शामिल हैं। क्रॉनिक पेन से पीड़ित व्यक्ति अक्सर थकान, नींद की कमी, चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं का सामना करता है। कई बार यह दर्द व्यक्ति की कार्यक्षमता को कम कर देता है और उसके दैनिक जीवन को प्रभावित करता है। डा. पलक चावड़ा ने बताया कि क्रानिक पेन की समस्या अक्सर उन्हें होती है जिन्हें पुरानी चोट, गठिया या पुरानी बीमारी, नसों की क्षति, मानसिक अवसाद, गलत जीवनशैली जैसे कारणों से भी होता है। इसका इलाज दवाओं के साथ नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, चिकित्सकीय प्रक्रिया यानी दर्द प्रबंधन क्लीनिक की मदद से होता है। उनके मुताबिक अक्सर लोग लंबे समय तक दर्द को नजर अंदाज करते हैं, जिससे समस्या और गंभीर हो जाती है।

### जुटाई जाएगी अन्य सुविधा

क्रानिक पेन से पीड़ित ऐसे मरीज जिन्हें अन्य प्रक्रियाओं से राहत नहीं मिलता है ऐसे लोगों का यहां इलाज किया जाएगा। अक्सर हड्डियों से संबंधित बीमारी के मरीज इस तरह की दिक्कतों से जूझते हैं। अभी मेडिकल और इंटरवेशन के माध्यम से इलाज किया जा रहा है, आने वाले दिनों में आवश्यकता के मुताबिक अन्य सुविधा जुटाई जाएगी।

– **डा. चंद्रा राव,** सिविल सर्जन, जिला अस्पताल पंडरी

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
NO.021-1710/PUBLICATION/1771 Korba West, dtd. 16-04-2026
e-Bidding TENDER NOTICE No. 1405/2026.
**Online tenders** are invited from Experienced & Prospective Firms for the following Work/Supply:

| S. No | Rfx No. | Particulars | Cost of tender doc. | E.M.D. (Rs.) | Last date of submission & opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rfx No. 8100050862 | Tender Work for collection and preparation of coal as fired, bottom and fly ash samples for Coal sampling cell, HTPS, Korba West. | 590/- | 10,305/- | 07.05.2026 |
| 2. | Rfx No. 8100050863 | Assistance in Maint. work of bulldozers, DG sets, Fire engines & cranes of WS&G div., HTPS, Korba West. | 590/- | 9,821/- | 11.05.2026 |
| 3. | Rfx No. 8100050865 | Renovation of street lighting system along with all accessories at conveyor- 9A/B and 10A/B installed at CHEM, HTPS, Korba West. | 590/- | 13,850/- | 11.05.2026 |
| 4. | Rfx No. 8100050631 | Deployment of Vehicle Car (Cat-II), for Sr. C.C. & (Cat-SUV) for C.C., O/o ACE (O&M-I), HTPS, Korba West. | 590/- | 11,303/- | 07.05.2026 |

NOTE: - 1. Payment of Tender Cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website – https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal. 2.Quantity as per tender schedule.3.Any Extension/ Corrigendum / Amendments if required, shall be displayed on our websites only.
SUPERINTENDING ENGINEER (C)
O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P)
HTPS, CSPGCL, KORBA WEST
SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनी)

**बिजली बंद की सूचना**

सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, कि वितरण केन्द्र सरगवां के अंतर्गत निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु विभिन्न फीडरों, विद्युत लाइनों एवं उपकरणों का पूर्व मानसून आवश्यक अनुरक्षण एवं रखरखाव कार्य कराया जाना है। सरगवां वितरण केन्द्र अंतर्गत फीडरवार प्रस्तावित तिथि एवं समय का विवरण निम्नानुसार है-

| क्रमांक | दिनांक | समय | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 21.04.2026 | प्रात: 08 बजे से दोपहर 03 बजे तक | 11 केव्ही सरगवां | सरगवां, मझलीपारा इत्यादि |
| 2 | 27.04.2026 | प्रात: 08 बजे से दोपहर 03 बजे तक | 11 केव्ही मेण्ड्रा | मेण्ड्रा, बलसेढी, कुल्हाडी इत्यादि |
| 3 | 28.04.2026 | प्रात: 08 बजे से दोपहर 03 बजे तक | 11 केव्ही केपी | केपी, अजीरमा, करम्हा, हसुली इत्यादि |
| 4 | 29.04.2026 | प्रात: 08 बजे से दोपहर 03 बजे तक | 11 केव्ही डिगमा | डिगमा फीडर से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले क्षेत्र |
| 5 | 30.04.2026 | प्रात: 08 बजे से दोपहर 03 बजे तक | 11 केव्ही परसा | असोला, रनपुर, सोनपुर, देवगढ इत्यादि |
| 6 | 02.05.2026 | प्रात: 08 बजे से दोपहर 03 बजे तक | 11 केव्ही खलिबा | खलिबा फीडर से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले क्षेत्र |
| 7 | 05.05.2026 | प्रात: 08 बजे से दोपहर 03 बजे तक | 11 केव्ही चठिरमा | चठिरमा, बढनीझरिया, डिगमा इत्यादि |
| 8 | 06.05.2026 | प्रात: 08 बजे से दोपहर 03 बजे तक | 11 केव्ही भकुरा | भकुरा, नवापारा इत्यादि |
| 9 | 08.05.2026 | प्रात: 08 बजे से दोपहर 03 बजे तक | 11 केव्ही सकालो | सकालो फीडर से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले क्षेत्र |
| 10 | 09.05.2026 | प्रात: 08 बजे से दोपहर 03 बजे तक | 11 केव्ही कंचनपुर | कंचनपुर, बकनाकला इत्यादि |
| 11 | 11.05.2026 | प्रात: 08 बजे से दोपहर 03 बजे तक | 11 केव्ही किशुन नगर | किशुननगर, घंघरी इत्यादि |
| 12 | 12.05.2026 | प्रात: 08 बजे से दोपहर 03 बजे तक | 11 केव्ही नारायणपुर | नारायणपुर फीडर से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले क्षेत्र |
| 13 | 13.05.2026 | प्रात: 08 बजे से दोपहर 03 बजे तक | 11 केव्ही बकना | कंचनपुर, बकनाकला इत्यादि |

नोट- आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
– स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाएँ–
– विद्युत चोरी दण्डनीय अपराध है''

कार्यपालन यंत्री (सं/सं) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं. लिमि.अंबिकापुर

# गरीबों के आशियाने का पौन करोड़ गबन करने वाला कियोस्क सेंटर संचालक को बेटे सहित एसबी ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने गरीबों के आशियाने का 79 लाख रुपए हड़पने के आरोप में एक कियोस्क संचालक के बेटा को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने कोरबा जिले में इंदिरा आवास योजना के नाम पर दी जाने वाली राशि को आधार इनेबल्ड सिस्टम के माध्यम से अपने अकाउंट में ट्रांसफर कर ठगी की थी। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ एसीबी, ईओडल्बू ने आईपीसी की धारा 420, 421, 409, 120(बी) तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है।

जांच एजेंसी ने ठगी के आरोप में कोरबा निवासी बैंक ऑफ इंडिया कियोस्क संचालक गौरव शुक्ला तथा उसके बेटे सुधीर शुक्ला को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जांच एजेंसी ने 21 अप्रैल तक पुलिस रिमांड हासिल की है। जांच एजेंसी द्वारा जारी बयान के अनुसार कोरबा जिले में वर्ष 2010-11 में गरीबों के आवास के लिए इंदिरा आवास योजना अंतर्गत राशि आई थी। दोनों पिता पुत्र ने मिलकर उस राशि को वर्ष 2017 में अपने खाते में स्थानांतरित कर गबन किया।

### निष्क्रिय खातों के पैसों में की गड़बड़ी

आवास योजना अंतर्गत प्राप्त सहायता राशि के हितग्राहियों के खातों जिनमें अधिकतर खाते निष्क्रिय थे, उन अकाउंट को बैंक कर्मचारियों की स्टाफ आईडी का दुरुपयोग करते हुए सक्रिय कराया और हितग्राहियों के आधार कार्ड को अपने स्वयं के, अपने पिता, माता, पत्नी एवं बेटा के आधार नंबरों से सीड किया। इस प्रकार आधार इनेबल्ड सिस्टम के माध्यम (एईपीएस) से कियोस्क संचालक के बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण से हितग्राहियों की राशि सीधे आरोपी के खातों में स्थानांतरित होती रही।

### गरियाबंद में सब इंस्पेक्टर सस्पेंड रिश्वत लेकर केस दबाने का आरोप

गरियाबंद। सिटी कोतवाली में पदस्थ उप निरीक्षक अजय कुमार सिंह पर एक पुलिस प्रकरण दबाने के नाम पर 10 हजार रुपए रिश्वत लेने का गंभीर आरोप लगा है। इस मामले में सोशल मीडिया पर दो अलग-अलग ऑडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामला सामने आते ही पुलिस अधीक्षक नीरज चंद्राकर ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक को निलंबित कर दिया। वायरल पहले ऑडियो में प्रार्थी उप निरीक्षक से बातचीत में कहता सुनाई दे रहा है कि 'आपसे बात हुई थी, 10 हजार मांगे थे, दे दिया, लेकिन कोई काम नहीं हुआ, हमें अंदर जाना पड़ा।' इस पर जवाब में उप निरीक्षक कथित तौर पर कहते हैं कि, पैसा उन्हें नहीं मिला, बल्कि 'पूरा पैसा डीएसपी ने लिया है' और पूरा मामला उन्हीं ने हैंडल किया है। बातचीत में डायरी और कार्रवाई से जुड़ी अन्य बातें भी सामने आ रही हैं। दूसरे ऑडियो में प्रार्थी की पत्नी से बातचीत सामने आई है।

भारत की जनगणना 2027 CENSUS OF INDIA
गृह मंत्रालय भारत सरकार

**हमारी जनगणना हमारा विकास**

(जनगणना 2027 का पहला चरण)
स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-2)

**स्व-गणना क्या है?**
स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं



स्व-गणना के क्या लाभ हैं?
- अपनी सुविधा से जानकारी भर सकते हैं
- गोपनीयता सुनिश्चित
- जनगणना प्रक्रिया को तेज़ और कुशल बनाती है

स्व-गणना पोर्टल में लॉग-इन कैसे करें?
- राज्य / संघ राज्य क्षेत्र चुनें
- मुखिया का नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल (वैकल्पिक) भरें
- OTP द्वारा सत्यापन करें
- स्व-गणना शुरू करें

अपने घर का सही स्थान कैसे चिन्हित करें?
- जिला / पिनकोड चुनें
- क्षेत्र / लैंडमार्क दर्ज करें
- मैप पर ज़ूम करें और घर के पास लोकेशन मार्क करें (सटीक पता न दिखने पर घबराएं नहीं)
- सही लोकेशन चिन्हित करना आवश्यक है

क्या मैं अपनी जानकारी बाद में संशोधित कर सकता / सकती हूँ?
- सबमिट करने से पहले एडिट कर सकते हैं
- सबमिशन के बाद, प्रगणक के आने पर ही बदलाव संभव होगा

क्या स्व-गणना (SE) पोर्टल को भारत के बाहर से एक्सेस किया जा सकता है?
नहीं, यह सुविधा केवल भारत की भौगोलिक सीमा के भीतर उपलब्ध है

यदि सबमिशन के बाद गलती पता चले तो क्या करें?
प्रगणक के आने पर SE ID के साथ सुधार करवाया जा सकता है

क्या मैं फॉर्म सेव करके बाद में पूरा कर सकता / सकती हूँ?
हां, आप प्रोग्रेस सेव कर सकते हैं और निर्धारित समय के भीतर फॉर्म पूरा कर सकते हैं

टोल फ्री - 1855

CBC 19108/13/0039/2627

चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी
CensusIndia2027

17- APR- COR- MAIN- Pg- 10 CLASSI-SEHSH_Layout 1 4/17/2026 10:53 PM Page 1



# प्रथम पृष्ठ का शेष

## मोदी के चाणक्य....

अमित शाह ने ले रखी थी। कल लोकसभा में पीएम मोदी ने अखिलेश यादव को अपना मित्र भी बताया। आज भी अमित शाह अखिलेश को मनाने की तरफ इशारा कर रहे थे, लेकिन सरकार अपनी तमाम कोशिशों के बावजूद इन बिलों को पास नहीं करा पाई। दरअसल, विपक्ष अपनी जिद पर अड़ा रहा और इसका असर साफ दिखा। सभी मुख्य विपक्षी दलों ने इन बिलों का न सिर्फ फ्लोर पर विरोध किया, बल्कि वोटिंग के दौरान भी विरोध किया।

आगे रास्ता क्या है?

सरकार के पास इन बिलों को पास कराने के लिए अगला रास्ता ज्वाइंट सेशन (संयुक्त सत्र) का बचता है। इसके अलावा महिला आरक्षण बिल पहले से पास है, जिसके तहत यह कानून 2034 के चुनाव में लागू होना है। मौजूदा बिल महिला आरक्षण को पांच साल पहले लागू करने की एक कोशिश थी, जिसे नाकामी मिली है; कानून खत्म नहीं हुआ है।

## रुके वेतन निकालने ....

दोनों से 10 हजार रिश्वत की मांग की। यह दोनों शिक्षकों को नागवार गुजरा और एसीबी से इसकी शिकायत कर दी।

संकुल समन्वय का रहा सहयोग

रिश्वत की रकम दिलवाने झींकीपाली संकुल समन्वयक संजय चौहान ऑफिस लेकर पहुंचा था। बिलासपुर एसीबी की टीम ने इसकी संलिप्तता के बाद ट्रैप की योजना बनाई। एसीबी ने 17 अप्रैल को प्रार्थी शिक्षक निरंजन बरिहा को रिश्वत की रकम लेकर बीईओ कार्यालय भेजा। बीईओ ने 10 हजार रिश्वत लेकर अपने दराज में रख दिया। इसी बीच वहां पहले से तैनात एसीबी की टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। दराज से रकम भी बरामद कर ली गई। बीईओ नरेंद्र जांगड़े और संकुल समन्वयक संजय चौहान को अभिरक्षा में लिया गया है। दोनों के खिलाफ धारा 7, 12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत कार्रवाई की गई।

## बड़ा रैकेट, बड़ा ....

प्रोफाइल सट्टा खेलने वालों से संपर्क किया। उसने महादेव ऐप की तर्ज पर थ्री स्टंप्स ऑनलाइन वेबसाइट शुरू की थी। बाबू की आड़ में उसके परिवार वाले सट्टा रैकेट को ऑपरेट कर रहे थे। खेमानी दबाव बनाकर सट्टे का पैसा वसूलता था। सट्टा के खिलाफ पुलिस के बढ़ते दबाव के कारण उसने दूसरे राज्यों में ऑनलाइन सट्टा खिलाना शुरू कर दिया था।

**आधा दर्जन विदेश ट्रिप**- पुलिस के मुताबिक बाबू खेमानी साल 2011 में दुबई, साल 2023 में थाईलैंड, 2025 में 3 बार दुबई गया है। इसके विदेशों के कनेक्शन की पुलिस जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि इस पूरे नेटवर्क का संचालन देश के अलग-अलग शहरों से किया जा रहा था, जबकि बाबू खेमानी खुद रायपुर से कहीं बाहर बैठकर पूरे सिंडिकेट को कंट्रोल कर रहा था। **कार्रवाई होने पर एप का नाम बदल देता था** - खेमानी के गिरोह ने क्रिकेट सट्टा थ्री स्टंप्स वेबसाइट हाल में शुरू किया था। इसके पूर्व वह रेड्डी ग्रुप, बजरंग ग्रुप, मेट्रो 65 व डायमंड मास्टर ऑनलाइन पैनल का संचालन कर रहा था। पुलिस कार्रवाई होने पर खेमानी अपनी वेबसाइट का नाम बदल देता था। सट्टा का पूरा काम बाबू का छोटा भाई राज खेमानी देख रहा था। राज खेमानी की पुलिस पतासाजी कर रही है। बाबू खेमानी से जुड़े 27 लोगों को पुलिस अब तक गिरफ्तार कर चुकी है। **सोशल मीडिया में ढाई लाख से ज्यादा फॉलोवर** - बाबू खेमानी के सोशल मीडिया में ढाई लाख से ज्यादा फॉलोवर हैं। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर होने के नाते बाबू देश के साथ अन्य देशों में जाकर रील बनाता था। इसके साथ ही वह अपने सट्टा पैनल से लोगों को जोड़ने का काम करता था। पुलिस को जो जानकारी मिली है, बाबू खेमानी ने ऑनलाइन सट्टा के माध्यम से तीन साल में चार करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति अर्जित की है।

## मोबाइल दुकान से ....

और करीबियों की मदद से पैनल ऑपरेट करवा रहा था। जांच में खुलासा हुआ है कि इस सट्टा सिंडिकेट में कई लोगों की अलग-अलग भूमिकाएं थीं।

## बिजली कट होने पर स्मार्ट मीटर में पुश...

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं की बिजली को हजार रुपए के बकाया पर ही सीधे कंट्रोल रूम से आटो कर कर रही थी। इस खबर को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया तो आयोग ने इसको संज्ञान में लेते हुए खुद से याचिका लगाई और सुनवाई प्रारंभ की है। शुक्रवार को इस मामले की दूसरी सुनवाई में पॉवर कंपनी ने अपना पक्ष रखा और आयोग के सवालों के जवाब दिए। अभी कनेक्शन कट करने पर रोक- आयोग ने पहली सुनवाई में ही बकाया पर कनेक्शन कट करने पर रोक लगा रखी है। आयोग के सचिव एसपी शुक्ला के मुताबिक सुनवाई पूरी होने और फैसला आने तक कनेक्शन काटने पर रोक जारी रहेगी। **कंपनी ने बताई प्रक्रिया** - कंपनी के अधिकारियों ने आयोग के सवाल पर उसको बताया कि किस तरह की प्रक्रिया के तहत कनेक्शन कट किए जा रहे हैं। इसी के साथ यह भी बताया गया कि किस तरह से उपभोक्ता कनेक्शन कट होने पर तीस सेकंड में कनेक्शन वापस जोड़ सकते हैं। इसके अलावा यह भी बताया कि उपभोक्ता के बकाया बिल को जमा करने पर एक घंटे के अंदर ही कनेक्शन को जोड़ दिया जाता है।

## शादियों के सीजन में जानलेवा...

हुए है। इस समय क्षेत्र में भीषण गर्मी अपने चरम पर है। तेज धूप और लू के बीच सफर करना पहले ही मुश्किल है, लेकिन इसके बावजूद लोग बिना किसी सुरक्षा के मालवाहक गाड़ियों में सफर कर रहे हैं। भीड़भाड़ और हवा की कमी के कारण हीट स्ट्रोक, चक्कर और दम घुटने जैसी समस्याओं का खतरा और बढ़ जाता है। जिले के ग्रामीण इलाकों में ट्रक, पिकअप और अन्य मालवाहक वाहन अब बारात ले जाने का साधन बनते जा रहे हैं। इन गाड़ियों में क्षमता से कई गुना ज्यादा लोगों को बैठाया जा रहा है। कई लोग गाड़ी के किनारों और पीछे लटककर सफर करते नजर आते हैं। प्रबुद्धजनों के अनुसार, इस तरह का सफर कभी भी बड़े हादसे में बदल सकता है। ओवरलोडिंग और असंतुलन के कारण दुर्घटना की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। इतनी बड़ी लापरवाही के बावजूद कार्रवाई न होना भी सवाल खड़े करता है। खुलेआम नियमों की अनदेखी हो रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग नजर नहीं आ रहा। शादी की खुशियां अपनी जगह हैं, लेकिन जान से बढ़कर कुछ नहीं। खासकर इस भीषण गर्मी में इस तरह का जोखिम और खतरनाक साबित हो सकता है। जरूरी है कि लोग सुरक्षित साधनों का उपयोग करें और प्रशासन भी इस पर सख्ती बरते, ताकि खुशियों का यह मौसम किसी हादसे में न बदल जाए।

## 49 दिन बाद ईरान ने खोला होर्मुज...

जिसे ईरान के पोर्ट्स और मैरीटाइम ऑर्गेनाइजेशन ने पहले से तय कर रखा है, ताकि सफर के दौरान कोई खतरा न हो। अराघची ने कहा कि इस दौरान जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी, ताकि समुद्री व्यापार प्रभावित न हो। इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर ईरान को शुक्रिया कहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भले ही होर्मजु स्ट्रेट खुल गया है लेकिन ईरान पर अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहेगी और यह सिर्फ ईरान पर लागू होगी।

## ट्रक-माजदा की टक्कर में तीन मजदूरों...

लिए छत्तीसगढ़ आ रहे थे। गुरुवार रात करीब 10 बजे ये सभी रायपुर से सुकमा के लिए निकले थे। माजदा वाहन क्रमांक सीजी 04 पीएच 3516 में छड़ भरी हुई थी, जिसके ऊपर गद्दा बिछाकर मजदूर आराम कर रहे थे। शुक्रवार सुबह चिचाड़ी पुल के पास सामने से आ रहे गिट्टी से भरे ट्रक क्रमांक सीजी 21 जे 3314 से माजदा की जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर के बाद माजदा वाहन पलट गया, जिससे सभी मजदूर नीचे गिर पड़े। हादसे में कुछ मजदूर छड़ के नीचे दब गए, जबकि एक मजदूर ट्रक के पिछले पहिए के नीचे आ गया। मौके पर दो की और एक की अस्पताल जाने के दौरान मौत हो गई।

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
Skin Care
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं
• लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग
• हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी
• कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

श्री सांई केयर हॉस्पिटल
Sai Care Hospital
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सामेवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय : शाम 6 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सेवाएँ
कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
डायबिटीज (मधुमेह) उपचार
लिवर व किडनी रोग
पाइल्स (बवासीर) का ऑपरेशन
थाइरॉयड सर्जरी
हाई ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप)
ब्रेस्ट लंप / ट्यूमर सर्जरी
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग
» बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड
» बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

### निगम की पानी टंकी फूटने की वजह से फायर ब्रिगेड को एम्स से पानी की व्यवस्था करनी पड़ी

# आधी रात टिंबर मार्केट में आग से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



देवेंद्र नगर क्षेत्र के फाफाडीह टिंबर मार्केट में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात आग लगने से हड़कंप मच गया। स्थिति उस समय विकट हो गई, जब फायर ब्रिगेड की टीम को निगम की जगह पानी की व्यवस्था एम्स अस्पताल से करनी पड़ी। फायर ब्रिगेड को निगम से पानी नहीं मिलने का कारण निगम की भाठागांव एनिकट स्थित वाटर फिल्टर प्लांट के हैडर में ब्लास्ट होने की वजह से शहर की 23 पानी टंकियों में पानी की आपूर्ति नहीं हो पायी। इसके चलते फायर ब्रिगेड को लंबी दूरी तय कर एम्स अस्पताल से पानी लाना पड़ा। पानी की कमी तथा व्यवस्था करने में देर होने की वजह से आग पर काबू पाने में पांच से छह घंटे का समय लग गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पायनियर मार्केटिंग कैलाश टिंबर गोदाम से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। इसके बाद देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। गोदाम में बड़ी मात्रा में लकड़ी और अन्य ज्वलनशील सामग्री रखी हुई थी। इस वजह से आग तेजी से फैलती चली गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। आग पर काबू पाने फायर ब्रिगेड की आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं। आग को बेकाबू होते देख मौके पर उपस्थित प्रशासन तथा पुलिस की टीम ने आसपास के रहवासियों को उनके घरों से निकालकर दूसरी जगह शिफ्ट कराया। लोगों को सुरक्षित जगह शिफ्ट कराने पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस तथा प्रशासन की मुस्तैदी की वजह से किसी तरह से कोई जनहानि नहीं हुई। आग से लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट होने की आशंका जताई जा रही है। सुबह तक टिंबर गोदाम में कूलिंग का काम जारी था।

# इंटेकवेल के हेडर में ब्लास्ट फटी पाइप लाइन, बड़े इलाके में जल आपूर्ति ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गुरुवार को राजधानी के बड़े इलाके में नगर निगम की जल आपूर्ति ठप रही। नगर निगम की 29 पानी टंकियों में सुबह की पाली में जल आपूर्ति तरह ठप रही, पाइप लाइन मरम्मत कार्य के कारण शाम के समय भी जल आपूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित रही। पानी टंकियां सूखी रहने की वजह से इसके विकल्प के रूप में निगम ने प्रभावित इलाकों में टैंकर से पानी भेजने की व्यवस्था भी नहीं की। इससे लोग बेहद परेशान रहे, गर्मी के सीजन में सुबह से बिना सूचना के जल आपूर्ति नहीं होने से लोगों में इस बात को लेकर खासी नाराजगी देखने को मिली। जल विभाग के अधिकारी का कहना है कि इंटेकवेल के हेडर में बुधवार देर रात जोर के ब्लास्ट के साथ पाइन लाइन फट गयी थी, इस वजह से 29 पानी टंकियों से निकासी नहीं हो सकी।

दरअसल, नगर निगम के इंटेकवेल के रॉ क्लीयरिंग वाटर के मेन हेडर में बुधवार रात्रि 1 बजे जोर के ब्लास्ट के साथ पाइप लाइन फट गयी। इस वजह से पानी सफाई के साथ शहर की 29 पानी टंकियों से जल आपूर्ति नहीं हो सकी। नगर निगम के जल विभाग ने रात में ही पाइप लाइन मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया था, जो गुरुवार सुबह 10: 30 बजे तक चला। इसके बाद ही पानी शुद्धिकरण और टंकी भरने का काम शुरू हो सका, दोपहर तक टंकियों को 1 से 3 मीटर तक ही भरा जा सका। इसके कारण गुरुवार शाम के समय शहर की 29 पानी टंकियों से जल आपूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित रही। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र ने हरिभूमि को बताया कि शुक्रवार सुबह नियमित रूप से जल आपूर्ति की जाएगी।

### सप्ताह में दूसरी बार जल आपूर्ति प्रभावित बैकअप प्लान नहीं

रायपुर शहर में एक सप्ताह के भीतर यह दूसरा मौका है जब एक साथ कई टंकियों में जल आपूर्ति अचानक ठप रही। इससे शहर की एक बड़ी आबादी को पानी के लिए परेशान होना पड़ा। इससे पहले तेलीबांधा थाने के पास और पचपेड़ी नाका के पास राइजिंग लाइन मरम्मत के नाम पर पेयजल आपूर्ति ठप रही थी। निगम की इस व्यवस्था पर लोगों ने आक्रोश जताया है।

# विवि है या दारूबाजों का अड्डा, देर रात पार्टी से प्राध्यापक-छात्र त्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि इन दिनों दारूबाजों का अड्डा बन गया है। विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न अध्ययनशालाओं में मैदान निर्मित हैं। इसके अतिरिक्त भी कई विवि परिसर में सरोवर, मैदान सहित छात्रों के अध्ययन-अध्यापन के लिए खुली जगह अथवा उद्यान हैं। परिसर में प्रवेश के लिए कड़े नियम नहीं होने के कारण यहां कोई भी आसानी से प्रवेश कर जाता है। परिसर में स्थित पं.रविशंकर शुक्ल की प्रतिमा के नीचे मध्यरात्रि केक काटे जाने से लेकर यहां मैदानों में बाहरी तत्वों द्वारा बैठकर शराब व नशीले पदार्थों का सेवन सामान्य बात हो गई है। मैदान में प्रतिदिन नशीली सामग्री प्राप्त हो रही है। इसके पूर्व विवि में निर्मित सरोवर में भी इस तरह की शिकायत प्राप्त हुई थी। यहां सुरक्षाकर्मियों की नियुक्ति किए जाने के कारण स्थिति पहले से बेहतर है, किंतु अन्य स्थानों में अब भी पूर्व की ही तरह असामाजिक तत्व देर रात डेरा जमाए रहते हैं।

**न्यायालय तहसीलदार पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

रा.मा.क्र./ अ-19(3)/2025-26
ग्राम :- पालीडीह, तह.-पत्थलगांव

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम पंचायत पालीडीह को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यपालन यंत्री, छ.ग. राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्या. पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.) द्वारा कलेक्टर महोदय, जशपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम-पालीडीह में नवीन 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र की स्थापना हेतु ग्राम-पालीडीह, प.ह.न. 09 स्थित भूमि खसरा नम्बर 86 रकबा 48.8570 हे. में से रकबा 0.570 हे. भूमि की मांग की गई है। जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के माध्यम से इस न्यायालय को जाँच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि आरक्षित कर आबंटित किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर आपत्ति या दावा हो वह स्वंय अथवा मान्य अधिवक्ता अथवा वैध अभिकर्ता के मय दस्तावेज दावा या आपत्ति दिनांक 29.04.2026 तक न्यायालय में पेश कर सकता है। नियत समय पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार, पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.)**

SHIVA EMBROCATION OIL
शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362 कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

आवश्यकता है

आवश्यकता है- फुटवियर शॉप में कार्य हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- न्यू गोल्डन शू हाउस शॉप नं-2, केयर एंड क्योर हॉस्पीटल के पीछे चाटापारा बिलासपुर 9827966636 (40582)

आवश्यकता है- रावांभाटा (बिरगांव) स्थित अरवा मिल (कोढ़ा मिल) हेतू आवश्यकता 1. अनुभवी मिल ऑपरेटर (सैलरी 15,000 - 18,000) 2. मुंशी 3. लेबर (कुली, रेजा) रहने की व्यवस्था है। संपर्क : 79879-70711 (2602)

आवश्यकता है- भारत के 28 राज्यों में सफलतापूर्वक चलने वाली हमारी कंपनी को अपनी जैविक खाद की सप्लाई के लिए ऊर्जावान और मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। सेल्स/ फील्ड डिस्ट्रीब्यूटर की संपर्क - 9977999171, 9329245540 (0388)

आवश्यकता है-शीघ्र आवश्यकता जो बाहर रहकर कार्य कर सके सोनभद्र उत्तर प्रदेश ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए आयु 18 से 30 वर्ष वेतन 9000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 6265407475, 9303374409 (402)

आवश्यकता है- अम्बिकापुर शंकरगढ़ एवं बिलासपुर में बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कार्य हेतु अनुभवी सुपरवाइजर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 9827180841, 6268490010 (40570)

आवश्यकता है- कंप्यूटर ऑपरेटर (टैली की जानकार), सेल्सगर्ल, कार ड्राइवर की आवश्यकता है। सम्पर्क करे, लक्ष्मी सेल्स न्यू टिंबर मार्केट फाफाडीह रायपुर, 98271 61397 (0387)

Medicare Specialists



छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

सोरायसिस एवं चमड़ी रोग
प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।
इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नहीं कहीं और है। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखुनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहे तो इनकी झुठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी. अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. वी.के. अग्रवाल बी.ए.एम.एस. (यौन समस्या)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
94255-55659, 93039-48500
96177-89223, 93032-42200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु संपर्क करें
➡ जिला कार्यालय जांजगीर-चाम्पा :- जांजगीर-चाम्पा लिंक रोड, बायपास मार्ग जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) मो :- 9827106027
➡ जिला रायगढ़ कार्यालय :- एस.ई.सी.एल. महाप्रबंधक कार्यालय के पास, केलो विहार रायगढ़ जिला :- रायगढ़ (छ.ग.) मो :- 7024488424
➡ जिला कार्यालय जशपुर :- संगम चौक, जनपद पंचायत आफिस के पास, जिला :- जशपुर (छ.ग.) मो :- 7000968025
➡ जिला कार्यालय सरगुजा :- उड़िया पंड़ित कॉम्पलेक्स, अरिहंत हॉस्पिटल के सामने, चोपड़ापारा, पश्चिमी रिंग रोड, अंबिकापुर, जिला :- सरगुजा (छ.ग.) मो :- 982615 4736, 9826441394
➡ जिला कार्यालय कोरिया :- पुराना सेंट्रल बैंक के सामने, कचहरीपारा रोड, बैकुण्ठपुर जिला :- कोरिया (छ.ग.) मो :- 9303508245, 7879828009

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/ Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sqcm |
| Bhilai+Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sqcm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sqcm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sqcm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sqcm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sqcm |
| All CG+MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sqcm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sqcm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
COLOUR 20% Extra Charge For Disply
SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15% extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100 Rs. EXTRA.
ADVT. Booking Time 10.30 am to 4.00 pm.
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 5+3 10+10 15+18 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | |
| Raipur Edition | 4400 | |
| Bilaspur City | 2500 | |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500/- 1 Sunday | 800/- 1 Sunday |
| 900/- 2 Sunday | 1200/- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 5 | 4 | 1 | 9 |
| बेंगलुरु | 5 | 4 | 1 | 8 |
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 |
| हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 4 |
| दिल्ली | 4 | 2 | 2 | 4 |
| गुजरात | 4 | 2 | 2 | 4 |
| लखनऊ | 5 | 2 | 3 | 4 |
| चेन्नई | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| कोलकाता | 5 | 0 | 4 | 1 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली

228 रन

बेंगलुरु

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा

10 विकेट

गुजरात

# डोसा-इडली गाने को लेकर फूटा सीएसके का गुस्सा

**बेंगलुरु स्टेडियम में पारी की शुरू होने से ठीक पहले "डोसा, इडली, सांभर, चटनी" गाना बजाये जाने का मामला**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2026 के चल रहे सीजन के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच एक नया विवाद खड़ा हो गया है। चेन्नई सुपर किंग्स ने बीसीसीआई से औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। खास तौर पर, यह घटना बेंगलुरु स्टेडियम में हुई, जहाँ उनकी पारी शुरू होने से ठीक पहले "डोसा, इडली, सांभर, चटनी" गाना बजाया गया था। रिपोर्टों के अनुसार, फ्रेंचाइजी ने इस हरकत को मज़ाकिया और अपमानजनक माना।



### शब्दों पर पाबंदियां

भारत में ऐसा कोई कानून नहीं है, जो रोज़मर्रा की बातचीत में इस्तेमाल होने वाले कुछ खास शब्दों पर पूरी तरह से बैन लगाता हो। लोग आम तौर पर अपनी मर्जी से बोलने के लिए आजाद हैं, बशर्ते वे सार्वजनिक व्यवस्था, शालीनता या राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े व्यापक कानूनों का उल्लंघन न करें।

### सोशल मीडिया नियम

जहां रोजमर्रा की बातचीत काफी हद तक आजाद है, वहीं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म आईटी एक्ट के तहत सख्त नियमों द्वारा नियंत्रित होते हैं। हेट स्पीच, फेक न्यूज़, या राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाली सामग्री से जुड़े कंटेंट पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। जिस तरह धर्म, जाति या नस्ल के आधार पर हिंसा भड़काने वाली पोस्ट दंडनीय हैं, उसी तरह जाति-आधारित अपमान और अत्याचार भी आपराधिक अपराधों की श्रेणी में आते हैं।

### अश्लीलता और सार्वजनिक शालीनता


भारत में ऐसे कानून भी हैं, जो सार्वजनिक जगहों और मीडिया में अश्लील या यौन रूप से स्पष्ट भाषा के इस्तेमाल पर रोक लगाते हैं। जो सामग्री शालीनता के मानकों का उल्लंघन करती है, उसे हटाया जा सकता है, और उसे बनाने वालों को कानूनी नतीजों का सामना करना पड़ सकता है।

**भिंडर को सख्त चेतावनी के साथ एक लाख रुपए का आर्थिक दंड**

# फोन यूज करना आरआर के मैनेजर को पड़ा भारी, बीसीसीआई ने ठोका जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राजस्थान रॉयल्स के मैनेजर रोमी भिंडर को डगआउट में मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने पर सजा मिली है। बीसीसीआई ने भिंडर को सख्त चेतावनी दी है। साथ ही एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। बीसीसीआई के सचिव देवाजीत सैकिया ने बताया कि बीसीसीआई की एंटी करप्शन यूनिट एसीयू ने रोमी भिंडर से स्पष्टीकरण मांगा था कि वह फोन अपने साथ क्यों ले जा रहे थे। उन्होंने इसका स्पष्टीकरण दिया, लेकिन एसीयू पूरी तरह से संतुष्ट नहीं हुई। इसलिए उन्हें सजा के तौर पर एक लाख रुपए का जुर्माना भरने का निर्देश दिया गया है। साथ ही उन्हें चेतावनी भी दी गई है कि भविष्य में ऐसी गलती दोबारा न दोहराएं।



### गुवाहाटी में भिंडर डगआउट में चला रहे थे फोन

दरअसल गुवाहाटी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खलिाफ मुकाबले के दौरान भिंडर डगआउट में फोन चलाते नजर आए थे। उस समय वैभव सूर्यवंशी उनके पास ही बैठे थे। सूर्यवंशी के पास बैठकर फोन का इस्तेमाल करते हुए भिंडर कैमरे में कैद हो गए, जिसके बाद बवाल मच गया। इसके बाद बीसीसीआई की एंटी करप्शन यूनिट ने उन्हें नोटिस भेजा और अगले 48 घंटों में जवाब देने के लिए कहा था।

### क्या है नियम

भिंडर ने डगआउट में फोन इस्तेमाल करके बीसीसीआई के 'खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों के लिए न्यूनतम मानक' का उल्लंघन किया है। आईपीएल सीजन शुरू होने से पहले हर फ्रेंचाइज के साथ पीएमओए शेयर किया जाता है, जिसमें फोन के इस्तेमाल को लेकर भी नियम है। नियमों के मुताबिक पीएमओए में मोबाइल फोन और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक संचार उपकरणों का इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं है।

## खबर संक्षेप

### शुभंकर ने जीता बोल्डर्स क्लासिक का खिताब



**हैदराबाद।** यूरोपीय टूर पर दो बार के विजेता शुभंकर शर्मा ने बोल्डर्स क्लासिक गोल्फ के पहले आयोजन में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। शुभंकर ने दिसंबर 2021 के बाद अपने पहले घरेलू टूर्नामेंट डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई सर्किट में यादगार वापसी करते हुए शुरुआती दो दौर के खेल में एक समान छह अंडर 66 के कार्ड के साथ बढ़त बना ली थी। दो बार के एशियाई टूर के विजेता ने तीसरे दिन आठ अंडर 64 के शानदार कार्ड के साथ कोर्स रिकॉर्ड कायम करते हुए अपनी बढ़त को और मजबूत किया। उन्होंने शुक्रवार को अंतिम दौर में भी अपना बढ़त बरकरार रखते हुए आसानी से चैंपियनशिप अपने नाम कर ली।

### जोबर्ग ओपन: प्रणवी ने बनाया तीन अंडर 70 का स्कोर



**जोहानिसबर्ग।** भारत की महिला गोल्फर प्रणवी उर्स ने लेडीज यूरोपियन टूर के जोबर्ग लेडीज ओपन के पहले दौर में बिना बोगी के तीन अंडर 70 का स्कोर बनाया। प्रणवी इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पांच भारतीय खिलाड़ियों में कट बनाने के लिए सबसे अच्छी स्थिति में हैं। वह पार-73 वाले रैंडपार्क गोल्फ क्लब में पहले दौर के बाद संयुक्त 21वें स्थान पर हैं। त्वेसा मलिक और दीक्षा डागर ने पहले दौर में एक अंडर 72 का स्कोर बनाया और वे संयुक्त 54वें स्थान पर हैं। अवनी प्रशांत ने दो ओवर 75 का स्कोर बनाया। हिताशी बख्शी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। उन्होंने चार ओवर 77 का स्कोर बनाया और उन पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा है। फ्रांस की अगाथे लैस्ने, अमेरिका की ब्रियाना नवारोसा और फ्रांस की एरियन क्लॉट्ज़ ने सात अंडर 66 का स्कोर बनाकर संयुक्त बढ़त हासिल की है।

### हैम्बर्ग स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में चोटरानी



**हैम्बर्ग।** विश्व में 47वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी वीर चोटरानी ने हैम्बर्ग ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में जर्मनी के आठवीं वरीयता प्राप्त राफेल कांद्रा को 11-8, 11-7, 11-7 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारत के अन्य खिलाड़ियों में पांचवीं वरीयता प्राप्त अभय सिंह, सातवीं वरीयता प्राप्त रमित टंडन और पूर्व महिला विश्व नंबर 10 जोशना चिनप्पा इस पीएसए कांस्य स्तरीय प्रतियोगिता के दूसरे दौर में बाहर हो गए। अभय को इंग्लैंड के सैम टॉड से 9-11, 11-7, 4-11, 2-11 से और टंडन को हंगरी के बालाज़ फ़ार्कस से 10-12, 11-4, 5-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। जोशना को न्यूजीलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त जोएल किंग ने 11-9, 11-7, 9-11, 11-4 से हराया।


**आज दोपहर 3.30 बजे से रजत और अक्षर की टीमों में रोमांचक मुकाबला**

# जीत की लय में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु दिल्ली कैपिटल्स के लिए फिर कड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम आईपीएल के मौजूदा सत्र में एक ऐसी टीम है, जिसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और वह शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मैच में भी अपना दबदबा बनाए रखने की कोशिश करेगी। आरसीबी की टीम में अभी तक सारा ध्यान विराट कोहली पर केंद्रित रहा है और इस दिग्गज बल्लेबाज ने भी अपने प्रशंसकों को निराश नहीं किया है। उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाए हैं और ऑरेंज कैप उनके पास है। लेकिन कोहली भी यह स्वीकार करेंगे कि आरसीबी की बल्लेबाजी अब पूरी तरह से उन पर निर्भर नहीं है। इसके विपरीत दिल्ली के बल्लेबाज अभी तक जूझते रहे हैं और वह सामूहिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। दिल्ली के लिए यह मुकाबला जीतना कड़ी चुनौती होगा।





### आरसीबी के बल्लेबाजों का शानदार प्रदर्शन

कप्तान रजत पाटीदार, देवदत्त पडिक्कल, फिल साल्ट और टिम डेविड ने इस सत्र में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से विशेष छाप छोड़ी है और वे दिल्ली के खिलाफ इसे जारी रखना चाहेंगे। पाटीदार ने छक्के जड़ने की अपनी काबिलियत का शानदार नमूना पेश किया है। वह पांच मैच में 21 छक्के लगाकर शीर्ष पर काबिज हैं। अन्य बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से कोहली को अपना नैसर्गिक खेल खेलने की छूट मिली है।

### दिल्ली के बल्लेबाजों ने किया निराश

दिल्ली के पास केएल राहुल, पथुम निसांका, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड मिलर और नीतीश राणा जैसे कुछ अनुभवी बल्लेबाज हैं, लेकिन उनमें से कोई भी अब तक लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया है। दिल्ली अभी चार अंकों के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर है। युवा बल्लेबाज समीर रिजवी ने ही कुछ हद तक जुझारूपन दिखाया है। उन्होंने दो अर्धशतक बनाए हैं लेकिन उनके प्रदर्शन में भी निरंतरता का अभाव है। दिल्ली ने अभी तक मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जीत हासिल की है और यह दोनों टीम भी उसी की तरह संघर्ष कर रही है। दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने इस सत्र में अभी तक निराशाजनक प्रदर्शन किया है। उन्होंने चार मैचों में सिर्फ तीन विकेट लिए हैं और उतने ही रन बनाए हैं।

### दिल्ली के गेंदबाजों में निरंतरता का अभाव

दिल्ली की गेंदबाजी में भी निरंतरता का अभाव स्पष्ट नजर आ रहा है। बाएं हाथ की कलाई की स्पिनर कुलदीप यादव पूरी तरह से लय से बाहर नजर आ रहे हैं। उन्होंने प्रति ओवर लगभग 10 रन लुटाते हुए सिर्फ तीन विकेट लिए हैं, जबकि तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और टी नटराजन भी टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं। आरसीबी के मजबूत बल्लेबाजी क्रम को रोकना दिल्ली के गेंदबाजों के लिए कड़ी चुनौती होगी। दूसरी तरफ आरसीबी की गेंदबाजी भी काफी मजबूत नजर आ रही है। उसके पास ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड की अगुवाई में एक सक्षम गेंदबाजी इकाई है।

मैच का समय : दोपहर 3.30 बजे

**आईपीएल**

# सीएसके के खिलाफ नए आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी सनराइजर्स



एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

- आज रात 7.30 बजे से ईशान और रुतुराज की टीमों में भिड़ंत

प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन जैसे होनहार तेज गेंदबाजों को मैदान में उतारने के बाद संतुलित नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम शनिवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले आईपीएल के मैच में नए आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी। इन दोनों युवा गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से सनराइजर्स के तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिली है। इससे उस टीम को बेहतर संतुलन मिला है, जो अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन जैसे बल्लेबाजों पर बहुत अधिक निर्भर थी। हिंगे और हुसैन अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखकर सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर और दबाव बनाने की कोशिश करेंगे, जो इस सत्र में रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं।

### सैमसन फॉर्म में लौटे

संजू सैमसन के टी20 विश्व कप वाली फॉर्म में वापसी करने से सीएसके को कुछ राहत मिली है। धोनी और नाथन एलिस की कमी पहले से ही खल रही है और अब सीएसके को अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण में फेरबदल करना होगा। खलील की जगह लेने के लिए उसके पास रामकृष्ण घोष के रूप में एक और विकल्प हैं। अपने शुरुआती चार मैचों में से तीन में हारने के बाद सनराइजर्स ने अपने घरेलू मैदान पर शानदार वापसी की है। वह अपने इस अभियान को जारी रखने की पूरी कोशिश करेगा।

# पहली महिला टी20 चैलेंज ट्रॉफी का शेड्यूल जारी, कल से टूर्नामेंट



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने पहली महिला टी20 चैलेंज ट्रॉफी का शेड्यूल जारी कर दिया है। यह टूर्नामेंट 19 अप्रैल से 2 मई तक रवांडा में खेला जाएगा। मैचों का आयोजन किगाली शहर के गहांगा क्रिकेट स्टेडियम के आस-पास के दो ग्राउंड में होगा।

शेड्यूल के मुताबिक, पांच टीमों के इस टूर्नामेंट के पहले दिन इटली का मुकाबला मेजबान रवांडा से होगा, जबकि नेपाल का मुकाबला यूएसए से होगा। वानुअतु को पहले दिन बाई मिली है, जिसके बाद 19 अप्रैल को उसका मुकाबला रवांडा से होगा। यह टूर्नामेंट आईसीसी की ओर से शुरू किया गया एक नया इवेंट है, जिसे एसोसिएट मेंबर टीमों को ज्यादा मौका देने के लिए शुरू किया गया है। यह इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी में शामिल हो गया है, जिसका पहला संस्करण पिछले नवंबर में हुआ था, जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मौके बढ़ाने की कोशिशों का हिस्सा है। डबल राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में खेला जाने वाला यह टूर्नामेंट 2 मई तक चलेगा और इसका मकसद लगातार, हाई-क्वालिटी मैच का अनुभव देना है। यह पहल आईसीसी की दुनिया भर में महिला क्रिकेट को मजबूत करने और नई टीमों को मजबूत टीमों के खिलाफ मुकाबला करने के लिए तैयार करने की बड़ी कोशिश का हिस्सा है।

# हार से बौखलाए हार्दिक ने कहा, अब कड़े फैसले लेने का समय आ गया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार चौथी हार के बाद अपनी बात खुलकर रखते हुए कहा कि अब कुछ कड़े फैसले लेने का समय आ गया है और उनके खिलाड़ियों को टीम के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेनी होगी।

पंड्या ने कहा, ' ईमानदारी से कहूं तो मेरे पास कहने के लिए अधिक कुछ नहीं है। हमें बैठकर विचार करने की जरूरत है कि हम कहां पिछड़ रहे हैं। चाहे वह व्यक्तिगत खिलाड़ी हों, टीम हो, या हमारी रणनीति और काम करने का तरीका हो। इसे फिर से ठीक करना होगा।' इस तरह से पंड्या ने अप्रत्यक्ष रूप से सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह और तिलक वर्मा जैसे सीनियर खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन की तरफ इशारा किया। उन्होंने कहा, ' अब हमें यह देखना होगा कि क्या हमें कुछ कड़े फैसले लेने की जरूरत है या फिर हमें इसी तरह आगे बढ़ते हुए हालात को पलटने की कोशिश करनी चाहिए। हमें अपनी जिम्मेदारी खुद लेनी होगी।'

**कार्यालय, नगर पालिका परिषद् खरसिया जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़)**

क्रमांक / 105 / न.पा.प./ लो.नि.वि / 2025-26 — खरसिया, दिनांक 17.04.2026

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सि.नि.क्र. | कार्य का विवरण | लागत राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 189159 | वार्ड क्रमांक 18 मुक्तिधाम उन्नयन कार्य। | 20.60 | 15450.00 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद खरसिया

**एनएमडीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का एक उद्यम)
''खनिज भवन'', 10-3-311/ए, मसाब टैंक, हैदराबाद-500028
CIN L13100TG1958GOI001674

**अनुबंध विभाग**

**निविदा पूछताछ संख्या: NMDC/HO/CONT/KIOM/2026/321 दिनांक: 17.04.2026**

एनएमडीसी लिमिटेड, इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक ''नवरत्न'' सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी है। **भारत सरकार, कर्नाटक के रंजीतपुरा में स्थित केआईओएम खदानों के ओएण्डएम सीपी, डीएच एवं एसपी-II के संचालन एवं रखरखाव के कार्यों के लिए, साथ ही एसपी-II से लोडिंग प्लांट तक अयस्क परिवहन के लिए बुनियादी ढांचे के विकास एवं संचालन एवं रखरखाव, स्टैकिंग एवं लोडिंग प्रणाली के लिए, रेलवे यार्ड के पुनर्निर्माण** हेतु अनुभवी, प्रतिष्ठित और सक्षम घरेलू बोलीदाताओं से **एमएसटीसी पोर्टल** के माध्यम से **ऑनलाइन बोलियां** आमंत्रित करती है।

विस्तृत एनआईटी और बोली दस्तावेज **17.04.2026 से 15.05.2026 तक** निम्नलिखित वेबसाइट लिंक से देखे और/या डाउनलोड किए जा सकते हैं:

1. एनएमडीसी वेबसाइट - https://nmdcportals.nmdc.co.in/nmdctender
2. केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल (सीपीपी पोर्टल) http://www.eprocure.gov.in/epublish/app और
3. एमएसटीसी पोर्टल -https://www.mstcecommerce.com/eprochome/nmdc/buyer_login.jsp और **एनएमडीसी निविदा इवेंट संख्या NMDC/Head Office/Contract/6/26-27/ET/52[KIOM END TO END OPERATION]** खोजें। अधिक सहायता के लिए एमएसटीसी वेबसाइट पर दिए गए 'विक्रेता गाइड' को देखें।
4. बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियां **केवल एमएसटीसी पोर्टल** के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। ऑनलाइन बोली जमा करने का विवरण एनआईटी में दिया गया है। निविदाकर्ताओं को नियमित रूप से एनएमडीसी की वेबसाइट/सीपीपी पोर्टल/एमएसटीसी वेबसाइट पर जाकर भविष्य में किसी भी प्रकार के संशोधन की जानकारी प्राप्त करने की आवश्यकता है। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया एमएसटीसी लिमिटेड से (ई-निविदा की निर्धारित तिथि से पहले) संपर्क करें।

| | | |
|---|---|---|
| एमएसटीसी लिमिटेड में संपर्क व्यक्ति | श्रीमती एम. ऐश्वर्या, ईमेल: aishwaryamstc@gmail.com मोबाइल: +91-9346961512 | जी. पृथ्वी तेजा ईमेल: hydopn3@mstcindia.in लैंडलाइन: 040-23301049 मोबाइल: +91-9999481774 |

5. अधिक जानकारी के लिए, संदीप मिश्रा, डीजीएम (आईई), ट्रांसफॉर्मेशन एंड इनोवेशन डिपार्टमेंट, एनएमडीसी लिमिटेड, हैदराबाद से टेलीफोन नंबर +91 9575665681 या ईमेल: sandeepmishra@nmdc.co.in के माध्यम से संपर्क किया जा सकता है।

कार्यकारी निदेशक (कार्य)



# एक बार कार या प्लेन खरीदा तो 100 साल देंगे सफर का मजा

**वॉशिंगटन।** इंजीनियरों की एक टीम ने कमाल कर डाला है। उन्होंने एक ऐसी चीज बना डाली है, जो खुद ही अपना इलाज कर लेती है। अमेरिका के इंजीनियरों की इस टीम ने ऐसा फाइबर कंपोजिट बनाया है, जिसमें गजब की हीलिंग क्षमता है। इससे कलपुर्जों के किसी भी क्षतिग्रस्त हिस्से की 1,000 से ज्यादा बार खुद ही मरम्मत हो सकेगी। खास बात यह है कि इस अजूबा चीज से कारों, विमानों, अंतरिक्ष यानों या विंड टर्बाइंस की उम्र 100 साल से ज्यादा बढ़ जाएगी।

- इंजीनियरों ने कलपुर्जों को ही बना दिया अजूबा



## बढ़ा सकती है कलपुर्जों की उम्र

इकोटिसियास पर छपी एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी इंजीनियरों की एक टीम ने ये फाइबर कंपोजिट बनाया है। प्रयोगशाला में परीक्षण के दौरान इस सामग्री ने बार-बार डीलेमिनेशन नामक एक सामान्य खराबी की मरम्मत की और शोधकर्ताओं का अनुमान है कि यह सामान्य कंपोजिट के जीवनकाल को कुछ दशकों से बढ़ाकर सदियों तक कर सकता है।

## कलपुर्जों की खराबी को ठीक करते हैं हीलिंग कंपोजिट्स

इस रिसर्च के प्रमुख लेखक जैक त्यूरीसेक कहते हैं कि ये कंपोजिट्स परंपरागत से ज्यादा जटिल होते हैं। ये टूट-फूट से बचाते हैं और ये बार-बार उस कलपुर्जे में हो रही टूट-फूट को ठीक करते रहते हैं। यही इनकी खूबी है। इस हीलिंग प्रॉसेस में थ्रीडी का इस्तेमाल होता है और थर्मोप्लास्टिक का इस्तेमाल होता है। यही थर्मोप्लास्टिक हीलिंग एजेंट जो टूटी हुई दरारों और कलपुर्जों के क्षतिग्रस्त हिस्सों को भरती रहती है।

**90 साल ये जादुई चीज दे रही थी बड़ी चुनौती** : इस रिसर्च के एक और लेखक और अमेरिका की नॉर्थ कैरोलिना स्टेट यूनिवर्सिटी में सिविल एंड एन्वायरनमेंटल इंजीनियरिंग प्रोफेसर जैसन पैट्रिक के अनुसार, डिलैमिनेशन 1930 के दशक से ही **FRP** कंपोजिट्स के लिए बड़ी चुनौती रहा है। यह नया मैटीरियल एक मानक है, जिसे 1,000 बार लगातार 40 दिनों तक मरम्मत या भरपाई में इस्तेमाल किया जा सकता है। यह रिसर्च 'प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज' में प्रकाशित हुआ है।

## पर्यावरण सुरक्षित रखने के लिए बेहद अहम

यह तकनीक पर्यावरण के लिए बेहद अहम है, क्योंकि मौजूदा वक्त में स्वच्छ ऊर्जा और कम कार्बन उत्सर्जन वाली तकनीकें हल्की कंपोजिट्स पर टिकी होती हैं। ये मरम्मत और रिसाइकिल में काम आती हैं। ऐसे में यह नई खोज बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। इसके पीछे वजह ये है कि इस मैटीरियल्स की वजह से किसी भी चीज को कम से कम बनाने, लाने-ले जाने में आसानी होगी और औद्योगिक कचरा भी कम बनेगा।ये फाइबर कंपोजिट्स परंपरागत से ज्यादा जटिल होते हैं। ये विमानों या कारों में लगने वाले कलपुर्जों को टूट-फूट से बचाते हैं और ये बार-बार कलपुर्जों में हो रही टूट-फूट को ठीक करते रहते हैं। ये खुद ही मैकेनिक बन जाते हैं।




# महिला ने पति से विवाद के बाद बालकनी से उड़ाए डेढ़ करोड़

**बीजिंग।** पति और पत्नी में मनमुटाव होना आम बात है।। लेकिन एक महिला ने पति से विवाद के बाद कुछ ऐसा किया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।। हालांकि, अभी यह साफ नहीं है। कि महिला ने पति से विवाद के बाद ऐसा किया है। या कोई और वजह थी। बताया जा रहा है। कि यह पूरा मामला चीन का है।। महिला ने बालकनी में खड़े होकर करीब 162,247 डॉलर कैश हवा में उड़ा दिए। सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर इस वीडियो को लोग शेयर कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीन के ग्वांगडोंग में एक महिला ने अपने आलीशान अपार्टमेंट से करीब डेढ़ करोड़ रुपये उड़ा दिए। चीनी अधिकारी इस मामले की जांच कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये हांगकांग के 1,000 डॉलर के नोट थे। महिला को नोट उड़ाता देख आसपास के लोगों में लूटने की होड़ मच गई। स्थानीय प्रॉपर्टी मैनेजमेंट ने पुष्टि की है। कि कैश के असली हैं, तो वहीं कुछ रिपोर्ट्स में बताया गया है। कि महिला ने अपने पति से विवाद के बाद यह फैसला लिया। एक अन्य न्यूज एजेंसी ने कहा कि महिला अपने एक पारिवारिक मित्र की बीमारी से परेशान थी। महिला ने यह फैसला क्यों कि अभी स्पष्ट नहीं है।, क्योंकि अलग-अलग रिपोर्ट्स में अलग-अलग दावे किए गए हैं। स्थानीय पुलिस ने आसपास के लोगों से जमा किए कैश को वापस करने की अपील की है।















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com